




कलेक्टोरेट की 6 मंजिला हाईटेक पार्किंग, जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग का हॉल

### जयराम कांप्लेक्स में पार्किंग गायब

शारदा चौक स्थित जयराम कांप्लेक्स के बेसमेंट में पार्किंग नहीं है, पार्किंग वाली जगह पर दुकानें बना दी गई हैं। इस वजह से कांप्लेक्स के सामने गाड़ियों की पार्किंग देखी जा सकती है। मुख्य मार्ग की सड़क होने की वजह से यहां ट्रैफिक का दबाव अक्सर बना रहता है। बड़ी संख्या में यहां दुकानें संचालित हैं, जहां कर्मचारियों के साथ ग्राहकों का आना-जाना लगा रहता है। पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान रहते हैं।

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

### सिटी सेंटर मॉल के पास सड़क व दुकानों के सामने गाड़ियां पार्क

पंडरी स्थित सिटी सेंटर मॉल में परिवार के साथ रोजाना बड़ी संख्या में लोग खरीददारी करने व समय बिताने पहुंचते हैं, पर 20 रुपए पार्किंग शुल्क बचाने सिटी सेंटर मॉल के पास सड़क किनारे, दुकानों के सामने और गलियों में दोपहिया, चारपहिया पार्क कर मॉल में जाते हैं। इससे आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है, जबकि मॉल के ग्राउंड फ्लोर में गाड़ियों की सुरक्षित पार्किंग की व्यवस्था है। वहां सीसीटीवी कैमरा सहित वातानुकूलित परिसर निर्मित है।

# फ्री में पार्किंग तब भी गाड़ी सड़क पर, मॉल में बीस रुपए बचाने के चक्कर में गलियों, बीच सड़क वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में नगर निगम ने लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टोरेट के पास स्थित 6 मंजिला हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग में गाड़ियों की पार्किंग फ्री कर दी है। इसके बाद भी लोगों की आदत इतनी खराब है कि पार्किंग में गाड़ियां रखने की जगह





आक्सीजोन के सामने सड़क पर राजातालाब मुख्यमार्ग के सड़क किनारे सहित कलेक्टोरेट के आसपास दोपहिया, चारपहिया गाड़ियों की पार्किंग करने से नहीं चूक रहे। वहीं पुराना बसस्टैंड स्थित नगर निगम की मल्टीलेवल पार्किंग में गाड़ियां पार्क करने की जगह पुराना बस स्टैंड वाली संकरी सड़क सहित पेट्रोल पंप के पास ⏭ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर चपरासी से आठ लाख ठगे

**रायपुर।** राखी थाने में मंत्रालय के स्वास्थ्य संचनालय में बतौर भृत्य कार्यरत एक कर्मी ने अज्ञात ठग के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा मिलने का झांसा देकर सात लाख 84 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दीपक कुमार निषाद ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। दीपक ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसे कॉल कर अपने आपको एक्सिस बैंक का अफसर बताते हुए फ्री में फाइनेंशियल एडवाइज की जानकारी देने की बात कह वाट्स एप ग्रुप में जोड़ लिया। ग्रुप में जोड़ने के बाद जालासाज ने भृत्य से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर अलग-अलग अकाउंट में रुपए जमा कराकर ठगी का शिकार बनाया।

### आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ, जनवरी तक चलेगी



**रायपुर।** पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना मैदान में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शनिवार से आरक्षक संपर्क भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 प्रारंभ हुआ। भर्ती प्रक्रिया जनवरी के प्रथम सप्ताह तक चलेगी। इस भर्ती प्रक्रिया में 92 हजार अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। भर्ती प्रक्रिया में दस्तावेज की जांच के बाद शारीरिक माप परीक्षण एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जाएगी। 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, गोला फेक, ऊंची कूद, लंबी कूद इन विधाओं में अभ्यर्थी अपनी शारीरिक दक्षता की परीक्षा देंगे। यह भर्ती प्रक्रिया डॉ. संतोष कुमार सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर की अध्यक्षता में एवं चार सदस्यीय समिति द्वारा ली जा रही है।

### महिला के साथ मारपीट

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में प्रोफेसर कॉलोनी निवासी प्रज्ञा सिंह ने प्रेम कुशवाहा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।


### बेची गई जमीन का पैसा किसान ने बक्से में भरकर दीवान के अंदर रखा था


# 63 लाख की चोरी हुई, लेकिन पुलिस ने दर्ज नहीं की एफआईआर, कहा- अभी हम वीआईपी ड्यूटी कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुजगहन थाना पुलिस पर 62 लाख 71 हजार 880 रुपए चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने को लेकर एक किसान ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसान ने पुलिस पर चोरी की रिपोर्ट लिखने में हीला हवाला करने के 22 दिन बाद दर्ज करने का आरोप लगाया है। अज्ञात चोर ने घर के दीवान के अंदर कार्टून बक्सा में रखे जमीन बिक्री की रकम चोरी की है। किसान ने अपने किसी परिचित, रिश्तेदार तथा घर में काम करने वाले कर्मचारियों पर रकम चोरी करने की आशंका व्यक्त की थी। लेकिन पुलिस जांच करने के बजाय फरियादी को 22 दिन तक घुमाती रही। आईजी और डीजीपी को पत्र लिखने के बाद अब एफआईआर की गई है। थाने में दर्ज एफआईआर के मुताबिक ⏭ शेष पेज 11 पर

### मुजगहन थाना क्षेत्र की घटना, करीबियों पर चोरी करने की आशंका



### तीन महीने से दीवान के अंदर रखी थी रकम

बालमुकुंद द्वारा दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक उनके पिता तथा चाचा के नाम की 10 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री 21 अगस्त को हुई थी। रजिस्ट्री से मिली रकम बालमुकुंद के पिता तथा एक चाचा अपने कमरे के दीवान के अंदर काटून बक्सा में भर कर रखे थे। बालमुकुंद के पिता ने आखिरी बार दो अक्टूबर को घरेलू खर्च तथा कर्ज चुकाने दिवान के अंदर रखे कार्टून से पैसा निकाला था।

### आईजी और डीजीपी से शिकायत के बाद एफआईआर

पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने में हीला हवाला करने से परेशान होकर बालमुकुंद ने चोरी की शिकायत दर्ज करने रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के साथ डीजीपी अशोक जुनेजा को पत्र लिख गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बालमुकुंद ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने अब तक किसी का बयान दर्ज नहीं किया है। घटना के 22 दिन बीत जाने के बाद सीसीटीवी फूटेज मिलना भी कठिन है।

### एक दिन पहले डीजीपी ने ली थी क्लास

उल्लेखनीय है कि पुलिस महानिदेशक ने सभी जिलों के एसपी की वन टू वन क्लास ली थी। साथ ही एसपी को कानून व्यवस्था मेंटेन करने के साथ टीआई पर नकेल कसने के निर्देश दिए हैं। 63 लाख रुपए चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने पुलिस एक पखवाड़ा से ज्यादा समय लगाती है। ऐसे में छोटी-मोटी चोरी, मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करने पुलिस कितनी मुस्तैद होगी, इस बात का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। दोपहिया, मोबाइल चोरी के ज्यादातर मामलों में पुलिस एफआईआर दर्ज ही नहीं करती, केवल शिकायत पत्र लेकर पीड़ित को थाने से चलता कर देती है।

## अब गाइडलाइन मूल्य पर ही लगेगा रजिस्ट्री शुल्क मध्यवर्ग को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ सरकार ने संपत्ति खरीदने वाले मध्य वर्ग के लोगों को बड़ी राहत दी है। अब किसी भी प्रापर्टी की खरीदी-बिक्री में गाइड लाइन दर से सौदे की रकम अधिक होने पर भी रजिस्ट्री शुल्क गाइड लाइन दर के अनुसार ही लिया जाएगा। बैंक लोन पर निर्भर मध्य वर्गीय परिवार को वास्तविक मूल्य के आधार पर ऋण मिल सकेगा। उल्लखेनीय है कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पिछले दिनों कैबिनेट की बैठक में लिए गए इस फैसले से विशेषकर उन नागरिकों को लाभ होगा, जो बैंक ऋण के माध्यम से संपत्ति खरीदते हैं। पूर्व में संपत्ति की ⏭ शेष पेज 11 पर

- वास्तविक मूल्य पर मिल सकेगा बैंक लोन

### संपत्ति बाजार में पारदर्शिता आएगी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि संशोधन से मध्यम वर्गीय परिवारों को वास्तविक मूल्य के आधार पर अधिक बैंक ऋण प्राप्त करने में सहूलियत होगी। यह निर्णय संपत्ति बाजार में पारदर्शिता व स्पष्टता को बढ़ाने में भी सहायक होगा और इससे वास्तविक मूल्य दर्शाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा। देश के अन्य राज्यों में जमीन की गाइडलाइन कीमत या सौदा मूल्य दोनों में से जो ज्यादा हो उस पर पंजीयन शुल्क लगता है। केवल मध्य प्रदेश में गाइडलाइन कीमत से अधिक सौदा मूल्य दर्शाने पर उसमें पंजीयन शुल्क में छूट दी गई है। इसके कारण वहां लोगों में वास्तविक सौदा मूल्य को रजिस्ट्री पेपर में लिखने की प्रवृत्ति में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।

## 24 घंटे जल आपूर्ति, टेस्टिंग में लीकेज की भरमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 24 घंटे पेयजल आपूर्ति योजना की शुरुआत शुक्रवार शाम नगर निगम के 9 वार्डों से हुई। मोतीबाग पानी टंकी से कनेक्ट इन वार्डों में जल आपूर्ति की टेस्टिंग के दौरान जगह-जगह लीकेज मिलने से लोग हैरान रहे। यह लीकेज इतना ज्यादा रहा कि फूल चौक के पीछे पार्किंग व दुकान के सामने का हिस्सा पानी से भर गया। लीकेज की यह स्थिति सदर बाजार वार्ड, ब्राम्हणपारा, तात्यापारा, कालीबाड़ी चौक, आरडीए बिल्डिंग फूल चौक और सिविल लाइन वार्ड में देखने को मिली। स्मार्ट सिटी के एमडी अबिनाश मिश्रा ⏭ शेष पेज 11 पर

- मोतीबाग पानी टंकी से कनेक्ट 9 वार्ड में लीकेज ने किया परेशान

### लीकेज सुधारने 3 दिन का समय, दोबारा करेंगे टेस्टिंग





### गंज मंडी कमांड एरिया के 7 वार्डों में 24 घंटे पानी आपूर्ति सोमवार से

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड गंज मंडी पानी टंकी से कनेक्ट 7 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति सोमवार से शुरू करने की तैयारी में जुटा है। अनुबंधित एजेंसी शाम के समय संबंधित वार्डों में पाइप लाइन लीकेज की जांच करेगी। निगम आयुक्त के निर्देश पर लीकेज मरम्मत के लिए अलग से टीम बनाई गई है।

### अंडरग्राउंड केबलिंग के दौरान पाइप लाइन डेमेज

स्मार्ट सिटी के इंजीनियरों का कहना है कि सदर बाजार और आरडीए बिल्डिंग फूल चौक एरिया में बिजली के तारों को भूमिगत करने के दौरान हुई सड़क खुदाई के समय नई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से लीकेज की समस्या आ रही है। इसी तरह ब्राम्हणपारा, कालीबाड़ी, सिविल लाइन और तात्यापारा क्षेत्र में 24 घंटे जल आपूर्ति के दौरान पाइप लाइन लीकेज पाया गया।

# महंगाई इसलिए भी... धान की कीमत ने किसानों को लुभाया, सब्जियों का उत्पादन हो रहा कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में भाजपा सरकार धान की कीमत 31 सौ रुपए दे रही है। इसी के साथ 21 क्विंटल धान की खरीदी भी की जा रही है। यही वजह है कि इस बार किसानों ने एक लाख हेक्टेयर में ज्यादा धान बोया है। इस बार 38 के स्थान पर 39 लाख हेक्टेयर में धान की फसल लगाई गई है। दलहन तिलहन की फसल लेने वाले किसानों के साथ अब सब्जी का उत्पादन करने वाले किसान भी धान की खेती की तरफ जा रहे हैं। यही वजह है कि सब्जियों का उत्पादन ⏭ शेष पेज 11 पर

### प्रदेश में सब्जी का उत्पादन कम इसलिए महंगी भी बिक रही

### दलहन-तिलहन की फसल भी कम

धान के कारण प्रदेश में लगातार दलहन और तिलहन का उत्पादन भी कम हो रहा है। इसकी फसल लगाने वाले किसान लगातार धान की खेती की तरफ जा रहे हैं। लगातार दलहन और तिलहन की रकबा भी कम हो रहा है।



### सब्जी के उत्पादन में कटौती

धान की कीमत को देखते हुए और सब्जी की फसल में ज्यादा लागत के बाद भी कई बार लागत न निकलने के कारण प्रदेश के किसान थोक में धान की खेती की तरफ जा रहे हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा टमाटर की खेती करने वाले किसान परेशान रहते हैं। लोकल फसल आने के बाद इनको कीमत नहीं मिलती है। थोक मंडी में एक से दो रुपए किलो में टमाटर की मांग रहती है। टमाटर की तुड़ाई पर ही डेढ़ रुपए किलो तक का खर्च आ जाता है। ऐसे में किसानों को घाटा हो जाता है। कई साल से प्रदेश के किसान टमाटर फेंक देते हैं। इस बार टमाटर की खेती ⏭ शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

### गंगरेल डेम से पानी आपूर्ति में चार दिनों से दिक्कत, बेंद्री के पास नहर मरम्मत का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानीवासियों को गंगरेल डेम से पेयजल आपूर्ति के लिए मिलने वाले रॉ वाटर की सप्लाई पिछले 4 दिनों से गड़बड़ा गई है। बेन्द्री गांव के पास नहर मरम्मत का काम चलने और खेत में धान कटाई के कारण यह स्थिति बनी है। रॉ वाटर की आपूर्ति प्रभावित होने से नगर निगम के एनीकट में 40 इंच तक पानी खाली हो गया। जल विभाग के अधिकारियों ने सिंचाई विभाग के आला अफसरों से मिलकर गंगरेल डेम से पानी आपूर्ति के लिए लगातार दबाव बनाया। इसके बाद शनिवार को गंगरेल से 300 क्यूसेक पानी शहर के ⏭ शेष पेज 11 पर



# अहाता पॉलिसी फेल! जो रीटेंडर में गए उनको लाइसेंस फीस जमा करने में छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आबकारी विभाग की अहाता पॉलिसी जिले में फेल होती प्रतीत हो रही है। बोली लगाकर लोग महंगे दाम पर अहाता का ठेका तो ले रहे है, लेकिन एक-दो महीने में ठेकेदारों को यह समझ में आ जा रहा है कि अहाता संचालन से उन्हें लाभ नहीं, बल्कि नुकसान है। अहाता में रोज पियक्कड़ों की भीड़ तो आ रही है, लेकिन इस भीड़ से होने वाली कमाई से लाइसेंस फीस की राशि तक निकल नहीं पा रही है। इसका सबसे बड़ा कारण है, किराए की जमीन। ज्यादातर अहाते किराए की जमीन पर संचालित हैं, जिसके एवज में ठेकेदारों को हजारों रुपए का भुगतान करना पड़ रहा है। इसके अलावा बिजली बिल, कर्मचारियों का वेतन सहित अन्य कई तरह का भुगतान भी ठेकेदारों द्वारा किया जाता है। इस तरह जितनी कमाई अहाता से हो रही है, उससे ज्यादा लाइसेंस फीस विभाग को जमा करनी पड़ रही है। यही कारण है कि जिले में रीटेंडर में दोबारा ठेके पर गए कई अहातों के ठेकेदार लाइसेंस फीस जमा नहीं किए हैं, जिसके कारण इनका अनुबंध निरस्त किया जा सकता है। इधर इस मामले में विभागीय अधिकारियों का भी यही कहना है कि लाइसेंस फीस समय पर जमा नहीं करने वाले ठेकेदारों के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे।

**11 अहातों का अब तक नहीं निकला रीटेंडर :** 32 में 11 अहातों के लिए विभाग को एक भी आवेदन नहीं आया था। इस कारण से इन अहातों के लिए फिर से टेंडर निकालने की बात अधिकारियों द्वारा कही गई थी, लेकिन करीब डेढ़ माह बीत चुका है। विभाग द्वारा 11 अहातों के लिए दोबारा टेंडर नहीं निकाला गया है।

## दोबारा निरस्त करने की तैयारी में आबकारी विभाग

### पहले 11 महीने, रीटेंडर में साढ़े 5 माह के लिए निकाला गया था टेंडर

विभाग ने पहली बार मई 2024 में 57 अहातों का टेंडर 11 महीने के लिए निकाला था। इस दौरान माना देशी अहाता को छोड़कर शेष 56 अहातों को ठेके पर दिया गया था, लेकिन बाद में इनमें से 21 ठेकेदारों ने फीस जमा करना बंद कर दिया, जिसके कारण इन ठेकेदारों के नाम ब्लैक लिस्टेड कर उनका अनुबंध निरस्त किया गया। रीटेंडर में साढ़े 5 महीने के लिए 19 अहातों को ठेके पर दिया गया है।

### 32 में 19 अहाते ही गए थे ठेके पर

आबकारी विभाग ने जिले के 32 अहातों के लिए टेंडर निकाला था। इनमें 21 अहाते पुराने अहाते थे, जिनका ठेका निरस्त किया गया था, वहीं 11 नए अहातों के लिए आवेदन मंगाए गए थे। इन सभी अहातों के लिए आवेदन ऑनलाइन मंगाया गया था। विभाग ने टेंडर निकालने के साथ इन सभी अहातों की बोली प्राइज भी तय की थी। नियम के अनुसार इस तय बोली से ज्यादा सबसे ऊंची बोली लगाने वाले आवेदक को अहाता का ठेका दिया गया था, जिनमें लगभग सभी पुराने अहातों का भी ठेका हुआ था। सूत्रों के अनुसार इनमें से करीब आधा दर्जन अहाता ठेकेदारों द्वारा समय-सीमा में फीस जमा नहीं कराई गई है। इस कारण विभाग अब इन ठेकेदारों का अनुबंध निरस्त करने की तैयारी में है।

### समय पर लाइसेंस फीस जमा नहीं करेंगे तो निरस्त करेंगे ठेका

नियम के तहत ठेकेदारों को अहातों की फीस जमा करानी है। समय पर फीस जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत ठेका निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा।

- रामकृष्ण मिश्रा
उपायुक्त
आबकारी विभाग रायपुर

## खबर संक्षेप

### जनजातीय समाज को सम्मान निधि के लिए सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जनजाति गौरव दिवस पर छत्तीसगढ़ के बैगा, गुनिया और सिरहा को हर साल पांच-पांच हजार रुपए की 'मुख्यमंत्री सम्मान निधि' दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए जनजातीय समाज की ओर से आभार माना है। श्री ठाकुर ने कहा, कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों का हक छीना है, उन्हें अपमानित किया है, जबकि विष्णुदेव साय सरकार आदिवासियों को सम्मान दे रही है। श्री ठाकुर ने कहा, कांग्रेस सरकार में आदिवासी समाज उत्पीड़न का शिकार था। कांग्रेस ने कभी भी आदिवासियों का सम्मान नहीं किया, उनका हक छीनने का काम किया। कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के शासनकाल में जनजातीय समाज के हक और रोजी-रोटी सहित उनका आरक्षण भी छीन लिया गया था। आज विष्णुदेव साय सरकार में जनजातीय गौरव दिवस मनाकर आदिवासियों का सम्मान बढ़ाया जा रहा है।

### संत गेलाराम बाबा का बरसी महोत्सव 8 से, हुई बैठक



**रायपुर।** गोदड़ीवाला धाम देवपुरी में संत बाबा हरदास राम सेवा मंडल और ब्रह्म स्वरूप संत बाबा गेलाराम साहब ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय 8 से 10 दिसंबर तक संत बाबा गेलाराम साहब का 16वां बरसी महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर गोदड़ीवाला धाम देवपुरी में बैठक हुई, जिसमें भारतवर्ष से संत-महात्मा एवं गायक मंडलियों आने की जानकारी दी गई। प्रदेश के 11 धाम के अलावा भारतवर्ष के 60 धामों से संत-महात्मा, श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल होने आएंगे। इसके लिए आवास एवं भंडारा, परिवहन, पूजा-अर्चना के संबंध में चर्चा की गई। तीनों दिन बरसी महोत्सव मनाया जाएगा। यह जानकारी हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थोरानी, पवन प्रीतवानी, लाल खूबचंदानी, दिलीप इसरानी, इंदर थोरानी, महेश हरजानी, हरीश कोडवानी, मंगाराम कुकरेजा, गन्नू काशवानी, रॉकी काशवानी, शिवा खूबचंदानी देते हुए बताया कि बैठक गोदड़ीवाला धाम की महंत अम्मा मीरादेवी के सानिध्य में हुई।

### छग सिंधी पंचायत की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार को झूलेलाल धाम श्यामनगर में रखी गई है। यहां प्रदेश से लगभग 120 पंचायतों के प्रतिनिधि व आजीवन सदस्य व प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य समेत पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक को लेकर छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में विभिन्न जिम्मेदारियां बांटी गई हैं। कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य रूप से सिंधी पंचायत व समाज के लिए भूमि, आजीवन सदस्य व सदस्यता शुल्क और पंचायत के संविधान पर चर्चा होगी।

### जल्दबाजी में चढ़ने और उतरते वक्त किसी दिन हो सकता है बड़ा हादसा

# पैसेंजर ट्रेनों के लिए सरोना का प्लेटफार्म छोटा तीन कोच बाहर, यहीं से चढ़ते-उतरते हैं यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सरोना रेलवे स्टेशन में ठहरने वाली पैसेंजर ट्रेन में चढ़ना और उतरना सरल कार्य नहीं है। पैसेंजर ट्रेन के तीन कोच प्लेटफार्म के भीतर रुकने के बजाय बाहर निकल जा रहे हैं। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इसके कारण यात्रियों को हर दिन समस्या होती है। सरोना अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना में शामिल है। रेलवे यात्री सुविधाओं में विस्तार कर रहा है। प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने की भी योजना है, लेकिन इसके लिए यात्रियों को कुछ महीने का इंतजार और करना होगा। बता दें कि पैसेंजर ट्रेन सरोना में 5 मिनट के लिए रुकती है। तीन कोच प्लेटफार्म के बाहर खड़े होने से यात्रियों को सामान उतारने और चढ़ाने में भी दिक्कत होती है। यहां रोजाना 800 से अधिक यात्रियों की आवाजाही है। वर्तमान में प्लेटफार्म की लंबाई पैसेंजर ट्रेन के लिए छोटी है। इस तरह की समस्या मंडल के अन्य छोटे स्टेशनों की भी है, जहां पैसेंजर ट्रेन रुकती है।

**सरोना स्टेशन में 50 फीसदी से अधिक काम पूरा, यात्रियों की सुविधाओं का हो रहा विस्तार**



## हादसे की आशंका भी

प्लेटफार्म के बाहर कोच का ठहराव होने से बुजुर्ग खुद ट्रेन से नहीं उतर पाते। 5 मिनट स्टॉपेज होने से यात्रियों के पास कम समय होता है। जल्दबाजी में उतरते वक्त किसी दिन बड़ा हादसा भी हो सकता है। लोगों को मदद के लिए यात्रियों को बुलाना पड़ता है। यहां इंजन को प्लेटफार्म से आगे कर देने से कुछ कोच भीतर आ सकते हैं। ऐसा करने से कोच के रुकने की निर्धारित जगह बदल सकती है।

### लंबाई बढ़ाई जाएगी

सरोना रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल है। प्लेटफार्म के विस्तार की योजना है।

- अवधेश कुमार त्रिवेदी
सीनियर डीसीएम

## इधर बदल रही स्टेशनों की सूरत

अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के जरिए जोन के छोटे स्टेशनों की सूरत बदलने का काम तेजी से चल रहा है। रायपुर मंडल में सरोना, मंदिर हसौद, हथबंध स्टेशनों को पुनर्विकसित किया जा रहा है, जिसमें सरोना स्टेशन में कार्य 50 फीसदी से भी अधिक हो चुका है। यहां नए साल से यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ जाएंगी। स्टेशन में चार बड़े शेड का ढांचा लगाया जा चुका है। इसके साथ प्रवेश द्वार निर्माण कार्य जारी है। मंडल के अधिकारियों ने बताया कि अमृत भारत रेलवे स्टेशन का निर्धारित समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया है। रेलवे बोर्ड सुविधाएं बढ़ाने के बाद स्टेशन में ट्रेनों का स्टॉपेज भी बढ़ सकता है, जिससे बाद यात्रियों को एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए मुख्य स्टेशन में जाना नहीं पड़ेगा। भिलाई पावर हाउस और तिल्दा में रुकने वाली कुछ ट्रेनों का स्टॉपेज मिल सकता है। स्टेशन लाइटिंग में सुधार, साइनेज, ट्रेन व कोच इंडिकेटर बोर्ड्स की सुविधा भी बढ़ेगी।

# छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे : विजय



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उत्तर बस्तर के अबूझमाड़ क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बलों के संयुक्त सर्च ऑपरेशन को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, नक्सल मोर्चे पर हमारे जवान बहादुरी से लड़ रहे हैं। हम छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने के संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए उनकी वीरता की सराहना की है। उन्होंने इस अभियान में शामिल सभी सुरक्षा बलों को बधाई दी और उनकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की।

- अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों के खिलाफ बड़ी सफलता : उपमुख्यमंत्री

उल्लेखनीय है कि शनिवार को माओवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जवानों ने बहादुरी से लड़ते हुए 5 माओवादियों को ढेर किया। ऑपरेशन में बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ के दौरान 2 जवान घायल हुए, जिनकी स्थिति अब सामान्य और खतरे से बाहर बताई गई है।

# पीएम आवास के लिए सर्वेक्षण शुरू, पहले चरण में छूटे हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) -2 के लिए भी प्रदेश में सर्वेक्षण शुरू हो गया है। शहरी पात्र परिवार जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के पहले चरण में आवास नहीं मिल पाए थे, उन्हें पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-2 में हितग्राहियों की सुविधा के लिए आवेदन की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। आवेदन ऑनलाइन माध्यम से भारत सरकार के अधिकृत पोर्टल पर स्वयं हितग्राही द्वारा दर्ज किया जा सकता है। साथ ही प्रदेश के सभी 189 अधिसूचित नगरीय निकायों में हेल्पडेस्क के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है।




प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत राज्य के विभिन्न नगरीय निकायों में 2 लाख 49 हजार 166 आवास स्वीकृत हैं। इनमें लाभार्थियों द्वारा अपनी खुद की भूमि पर बनाए जाने वाले दो लाख 11 हजार 69 और किफायती आवासीय परियोजनाओं के तहत बनने वाले 38 हजार 97 आवास शामिल हैं। शहरी गरीबों के स्वयं के पक्के मकान का सपना जल्द से जल्द पूरा करने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा तेजी से इन आवासों का निर्माण किया जा रहा है। योजना के तहत राज्य में अब तक कुल एक लाख 96 हजार 967 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, जिनमें से एक लाख 74 हजार 967 आवास हितग्राहियों द्वारा बनाए गए हैं। वहीं किफायती आवासीय परियोजनाओं के तहत 21 हजार 600 आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत प्रदेश के नगरीय निकायों में अभी कुल 48 हजार 346 आवासों का काम प्रगति पर है, जिन्हें तेजी से पूरा किया जा रहा है।

### 49 हजार 8 सौ आवास का काम पूरा

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नई सरकार गठन के बाद से शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में तेजी आई है। नई सरकार के गठन के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के कार्यों में तेजी लाते हुए 49 हजार 834 आवासों का काम पूर्ण किया गया है। इनमें विभिन्न शहरों के हितग्राहियों द्वारा अपनी खुद की जमीन पर बनाए गए 44 हजार 419 और योजना के साथ भागीदारी में किफायती आवासीय परियोजनाओं के माध्यम से निर्मित 5415 आवास शामिल हैं।

### 11 माह में तेजी से पूरे हुए काम

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने बताया कि पिछले 11 महीनों के दौरान हर माह औसतन हितग्राहियों द्वारा अपनी खुद की भूमि पर बनाए जा रहे 4002 मकानों के काम पूर्ण किए गए हैं, जबकि वर्ष 2018 से 2023 के बीच यह औसत केवल 1592 थी। योजना के साथ भागीदारी में बनाए जा रहे किफायती आवासीय परियोजनाओं के निर्माण और आबंटन में भी तेजी लाते हुए विगत 11 महीनों में 7348 परिवारों को आवास आबंटित कर 5855 हितग्राहियों को पूर्ण आवासों में व्यवस्थापित किया गया है।

# बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं खरीदने का तुगलकी निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार किसानों से धान खरीदी में बहाने बाजी शुरू कर चुकी है। सरकार ने बीज उत्पादक किसानों से धान नहीं खरीदने का निर्देश जारी किया है। सरकार द्वारा धान खरीदी केन्द्रों पर बीज उत्पादक किसानों, चाहे वो बीज निगम के हों या निजी बीज उत्पादन संस्थानो के हों, उन पंजीकृत किसानों का धान सोसाइटी के माध्यम से नहीं खरीदने का आदेश दिया है और उन किसानों की सूची सोसाइटी के सामने चस्पा कर दी गई है।



उन्होंने कहा, भाजपा सरकार का यह निर्णय गलत और किसान विरोधी है। बीज उत्पादक किसान जिनके पास 10 हेक्टेयर तक भूमि है, उन किसानों ने सिर्फ 1 या 2 हेक्टेयर का पंजीयन बीज उत्पादक प्रक्रिया केन्द्रों में किया है, शेष भूमि का पंजीयन पूर्व में सोसाइटी में कर रखा है, मगर यह आदेश कुल रकबे पर पारित कर दिया गया है। किसानों ने अपने उस रकबे को जो बीज उत्पादक में पंजीकृत किया है, उसे छोड़कर बाकी उत्पादन सोसाइटी में विक्रय करने का पात्र है।

### खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था

उन्होंने कहा, सरकार की दुर्भावना के कारण छत्तीसगढ़ के किसान व्यथित हैं। हरहुना धान की 80 प्रतिशत कटाई हो चुकी है, लेकिन धान खरीदी और संग्रहण केंद्रों में अभी तक समुचित मात्रा में बारदाने की व्यवस्था नहीं है। टोकन का अता पता नहीं, तौलाई जानबूझ कर बाधित की जा रही है। इसी तरह की अव्यवस्था के कारण परिवहन के अभाव में पिछले खरीफ सीजन का लगभग 26 लाख क्विंटल धान खराब हो गया, जिससे समितियों को सीधे तौर पर 1037 करोड़ से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा है। सरकार की दुर्भावना के कारण ही सहकारी समितियों की स्थिति दयनीय हो चुकी है।

**शहरी सीमा में ऐसे ढाई लाख लोग, कार्ड बनाने चलाया जा रहा अभियान**

# साढ़े चार लाख लोगों ने अब तक नहीं समझी आयुष्मान कार्ड की अहमियत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बीमारी जैसी आपात स्थिति में निशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान करने वाले आयुष्मान कार्ड की अहमियत अब तक जिले के लगभग साढ़े चार लाख लोगों को समझ नहीं आई है। आंकड़े चौंकाने वाले हो सकते हैं, इनमें से करीब ढाई लाख तो नगर-निगम सीमा के अंतर्गत आते हैं। स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य केंद्रों के साथ विभिन्न माध्यमों से कार्ड बनाने के लिए अभियान चला रहा है।

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत एपीएल राशनकार्ड के हितग्राहियों को पचास हजार और बीपीएल कार्ड के हितग्राहियों को पांच लाख रुपए तक निशुल्क उपचार की सुविधा दी जाती है। आने वाले दिनों में इस राशि में और वृद्धि किए जाने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग की टीम शत प्रतिशत लोगों का कार्ड बनाने के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रयास कर रही है। इसमें बड़ी सफलता मिल चुकी है, मगर साढ़े चार लाख लोग इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना की तरफ गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। इनमें आधे से अधिक लोग रायपुर की शहरी सीमा में रहने वाले हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को कार्ड बनाने की सुविधा दे रहा है। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर लगाए जाने वाले स्वास्थ्य शिविर के साथ मोबाइल के माध्यम से भी लोगों को निशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान करने कार्ड बनाने की सहूलियत दी जा रही है।




### सबका बनाया जाएगा

आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं। आयुष्मान कार्ड सबके बनाए जाने हैं, इसके लिए स्वास्थ्य केंद्रों सहित समय-समय पर शिविर लगाकर सुविधा दी जा रही है।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी
सीएमएचओ

Health Town

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टुला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट • कॉक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) • स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुंहासे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिग्मेंटेशन • विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### दिल्ली में अग्रबंधुओं को मिलेगा शादी के लिए निशुल्क भवन

रायपुर। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ की बैठक शनिवार को हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने कहा कि हिसार दिल्ली में माता लक्ष्मीजी के मंदिर के साथ-साथ भवन का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसमें अग्रबंधुओं के लिए शादी भवन निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ हर राज्य में व्यापारी कल्याण बोर्ड की स्थापना करने की बात कही। इसके अलावा पाठ्यपुस्तक में भगवान अग्रसेन की जीवनी को शामिल करने, साथ ही चुनाव में अग्रवाल समाज को प्रतिनिधित्व दिए जाने की बात प्रमुखता से रखी। इस दौरान राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, महामंत्री मुरलीधर अग्रवाल के साथ प्रदेश युवा चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन उपस्थित रहे।

## निधन



### मीना दुबे

रायपुर। भिलाई सेक्टर-10, सड़क नंबर-16 निवासी मीना दुबे (65) का 16 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी शांतिघाट पर किया गया। वे सव्यसांची दुबे, डॉ. श्रुति द्विवेदी की माता और श्वेता दुबे, डॉ. आशुतोष द्विवेदी की सास एवं अनिल दुबे, मृत्युंजय दुबे की भाभी थीं।

### रमेश छेतीजा



रायपुर। दौंदेखुर्द, पूर्व में भोईपारा निवासी रमेश छेतीजा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 नवंबर को दौंदेखुर्द मुक्तिधाम में किया गया। वे गोकुल, प्रकाश छेतीजा के पिता थे।

### हरिराम कमरानी



रायपुर। रविग्राम तेलीबांधा गली नंबर-7 निवासी हरिराम कमरानी (74) का 16 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 नवंबर को दोपहर 1.30 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे भूषण कमरानी के पिता, अशोक कुमार कमरानी के भाई, अमर परचानी, लाल परचानी के जीजा थे।



### रेखा वर्मा

रायपुर। कोटेश्वर नगर कोटा निवासी रेखा वर्मा का 16 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा श्मशानघाट में किया गया। वे लक्ष्मण प्रसाद वर्मा की पत्नी और राजीव, संजीव, संगीता सिंह, कविता की माता थीं।

# गांजा कोचिए के हाथों में अब नशीली दवाओं का काला कारोबार

## गांजा बेचने वाले ही शहर में बेच रहे नशीली दवा, बस्तियों में अब कोचिए हुए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में नशे पर रोक लगाने पुलिस की लगातार सख्ती के बाद मेडिकल स्टोर में आसानी से मिलने वाली नशीली दवा अब मिलनी बंद हो गई है। नशे के रूप में इस्तेमाल होने वाली लोमोटिल, नारजेसिक व प्राक्सीवॉन जैसी प्रमुख दवा डॉक्टर की पर्ची दिखाने पर दी जा रही है, लेकिन नशीली दवा का कारोबार बंद नहीं हुआ है। अब शहर में यह दवा कॉलोनी और बस्तियों में मिलने लगी है। हरिभूमि की पड़ताल में पता चला कि गांजा बेचने वाले ही अब नशीली दवाओं का कारोबार कर रहे हैं। इन दवाओं को बेचने बस्तियों में कोचिए बन चुके हैं, जो नशीली दवाओं को बेचने का काम कर रहे हैं।

■ एक गोली 30 से 40 रुपए में मिल जाती है

मेडिकल स्टोर में कार्रवाई के बाद ज्यादातर लोगों ने नशे के रूप में इस्तेमाल होने वाली दवाओं को बेचना ही बंद कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक गांजा तस्कर ही मेडिकल दुकानों के जरिए इन दवाओं को कोचिए तक पहुंचा रहे हैं। नशीली दवा गांजा से भी सस्ती है। कोचिए के पास दवा का एक पूरा पत्ता 300 का मिलता है, जिसमें 8 से अधिक गोली होती है। एक गोली 30 से 40 रुपए में मिल जाती है।

### कालीबाड़ी में चल रहा नशे का कारोबार

शहर में पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद कालीबाड़ी में नशे का कारोबार सुबह से लेकर देर रात तक जमकर चल रहा है। यहां गांजा से लेकर नशीली दवा आसानी से लोगों को मिल जाती है। सूत्रों के मुताबिक ओडिशा और बिहार का गांजा पहुंच रहा है, जिसे 100 रुपए की छोटी पुड़िया में लोगों को बेचा जा रहा है। नशीली दवा भी धड़ल्ले से बेच रहे हैं।



### कबीर नगर और सरोना क्षेत्र में कोचिए सक्रिय

शहर की बस्तियों में कोचिए नशीली दवाओं का कारोबार कर रहे हैं। कबीर नगर समेत सरोना व गुढ़ियारी बस्ती क्षेत्र में कोचिए सक्रिय होने की खबर है। इंजेक्शन के साथ-साथ टेबलेट और सीरप बेचा जा रहा है। नींद की दवाओं को नशे में रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इसीलिए ग्रामीण क्षेत्रों में नींद की दवाओं को बेचने से बच रहे हैं।

# 20 आंगनबाड़ियों को मिलेगी नई पहचान, इनमें होगी गार्डन, इंडोर गेम्स, क्लास रूम, डायनिंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर में नवाचार करके पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 20 वार्डों में संचालित सुविधा विहीन आंगबाड़ियों को नई पहचान देने की कवायद टाटीबंध से शुरू की गई है। इसे महतारी सदन के रूप में आकार दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी को सर्व सुविधा युक्त बनाने पर 68.80 लाख रुपए खर्च होने वाला है। इसे बनाने के लिए एजेंसी तय करके काम भी शुरू करवाया गया है। इसके अलावा अन्य आंगनबाड़ियों में भी गार्डन, इंडोर गेम्स, क्लास रूम व डायनिंग एरिया के अलावा कई तरह की सुविधाएं मिलने वाली हैं।

■ पश्चिम विधान सभा क्षेत्र के 20 वार्डों में आकार लेगा महतारी सदन, ड्राइंग-डिजाइन तय

राजधानी में अब बच्चों की सुविधा के लिए आंगनबाड़ी की स्थापना में बड़ा प्रयोग किया जा रहा है। इससे अब आंगनबाड़ी का भवन भी बहुत खास होने वाला है। शहर के टाटीबंध वार्ड में नए प्रोजेक्ट की कड़ी में आंगनबाड़ी का निर्माण भी हो रहा है।

महतारी सदन के नाम से इस आंगनबाड़ी की डिजाइन व इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूदा दो-तीन कमरों की आंगनबाड़ियों से अलग और बेहद सुंदर होने वाला है। इस आंगनबाड़ी में बच्चों के खेलने के लिए सर्व सुविधायुक्त खेल मैदान, गार्डन, इंडोर गेम्स, क्लास रूम और डायनिंग हाल के अलावा भी कई सुविधाएं मिलेंगी। इसे आकार देने के लिए जोन-8 के जिम्मेदारों ने पहल करते हुए एजेंसी से काम भी शुरू करवा दिया है। इसके अलावा पश्चिम क्षेत्र के हर वार्ड में एक-एक महतारी सदन बनेगा।

### लग्जरी होगा महतारी सदन

इस खास आंगनबाड़ी यानी महतारी सदन का निर्माण निगम के माध्यम से किया जाएगा। इसका डिजाइन व डीपीआर पहले ही तैयार हो चुका है। इसके निर्माण की लागत 68.80 लाख रुपए आंकी गई है। आंगनबाड़ी भवन में क्लास रूम, डायनिंग हाल से लेकर सभी जगह फ्लोर टाइल्स लगेंगे। सुंदर बनाने के लिए भवन में स्टील और लकड़ी का इस्तेमाल किया जाएगा। महतारी सदन पूरी तरह लग्जरी होगा। हाल से लेकर हर कमरे में फाल्स सीलिंग लगाए जाएंगे। महतारी भवन का डिजाइन ऐसा होगा कि इससे आंगनबाड़ियों को लेकर लोगों की सोच भी बदलेगी।



### विधायक की पहल पर निर्माण शुरू

अभी टाटीबंध वार्ड स्थित आंगबाड़ी को हाई-प्रोफॉइल बनाने की कवायद शुरू की गई है। इसके लिए क्षेत्रिय विधायक के निर्देश पर ड्राइंग-डिजाइन व डीपीआर तैयार किया गया है। विधायक निधि से प्राप्त फंड से काम शुरू करवाया गया है।

*- एके हलदर, आयुक्त, जोन-8, ननि, रायपुर*

### इस वजह से उपेक्षित भवन

एक तरफ जहां हाई-प्रोफॉइल भवन 20 जगह बनने वाले हैं। वहीं शहर में ही 300 से ज्यादा ऐसे आंगनबाड़ी है, जो किराए के भवनों में संचालित है या सुविधा विहिन हैं। इनकी स्थिति इसलिए नहीं सुधर रही है, क्योंकि सामान्य आंगनबाड़ी बनाने पर होने वाला खर्च भी महिला एवं बाल विकास विभाग वहन करने में सक्षम नहीं है। ऐसे में महतारी सदन के रूप में 20 आंगनबाड़ियों का कायाकल्प होने से नई पहचान के साथ बेहतर सुविधा भी मिलेगी। इससे नर्सरी क्लास की मोटी फीस देने वाले पालकों का जहां खर्च कम होगा, वहीं बच्चों की सेहत सुधरेगी।

### बच्चों को मिलेगी हर सुविधा

महतारी सदन में बच्चों के लिए खेलने और मनोरंजन के साथ पढ़ाई की तमाम उच्च स्तरीय सुविधा मिलेगी। आउटडोर गेम्स के लिए प्ले एरिया में झूले, फिसल पट्टी भी बनाई जाएंगी। वहीं बच्चों के लिए छोटा सा गार्डन होगा। भवन में इंडोर गेम्स के लिए अलग से हाल बनाया जाएगा। सदन में रीडिंग एरिया, एक्टिविटीज एरिया और आर्ट के लिए अलग से गैलरी भी रहेगी। पढ़ाई के लिए हाई क्वालिटी क्लास रूम होगा। इसके अलावा बच्चों के भोजन के लिए बड़ा और फर्निचर युक्त डायनिंग स्पेस होगा। स्टाफ के लिए आफिस व स्टोर एरिया अलग से बनाया जाएगा।

# उत्तरी हवा की दस्तक से रात में बढ़ने लगी ठंड, तीन दिन पारा में गिरावट के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिन की लंबाई कम होने के साथ राज्य में उत्तरी हवा की दस्तक होने लगी है। इससे राज्य का मौसम ठंडा होने लगा है। रात में तापमान में कमी आने से अगले तीन दिन तक ठंड बढ़ने के आसार हैं। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का पारा 10 और रायपुर का तापमान 17 डिग्री तक पहुंचा है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले तीन चार दिनों तक हवा की दिशा नियमित रहने की संभावना है। इससे ठहर चुके न्यूनतम तापमान में फिर से कमी आने के आसार बन रहे हैं। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर को छोड़कर शेष इलाकों में बढ़ती ठंड महसूस हुई है। अनुमान है कि इसमें अभी और गिरावट होगी जिससे रात में गर्म कपड़ों की आवश्यकता होगी। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर में रात और दिन के तापमान में एक डिग्री की कमी आई है। इसके प्रभाव से मौसम में दिन में भी ठंडकता महसूस हुई और रात में ठंड का प्रभाव बढ़ने के आसार है। इस बार राज्य में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने और ठंड ज्यादा रहने की संभावना है। रायपुर में नवंबर के अंत तक रात का तापमान 14 से 15 डिग्री तक पहुंचता है। अगले चौबीस घंटे में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

■ अंबिकापुर का तापमान 10, रायपुर 17 डिग्री तक पहुंचा

# सिंथेटिक नशे का कारोबार करने वाला 'प्रोफेसर' कुरियर ब्वाय के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने पूर्व में सिंथेटिक मादक पदार्थ बेचने के आरोप में जेल जा चुके आयुष अग्रवाल उर्फ प्रोफेसर को उसके अन्य दो साथियों के साथ चार ग्राम एमडीएम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आयुष को कैनल रोड के पास गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आयुष के अलावा उसके दो अन्य साथी तेलीबंधा निवासी क्षितिज पाण्डेय, सिद्धार्थ रॉय को पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आयुष पूर्व में मनी हाईट्स के किराएदारों के नाम पर गलत तरीके से इस्तेमाल कर प्रतिबंधित मादक पदार्थों की अवैध तरीके से खरीदी बिक्री करने के आरोप में जेल जा चुका है। आयुष तथा उसके साथियों के खिलाफ खम्हारडीह थाने की पुलिस ने कार्रवाई की थी। आयुष पुलिस से बचने ज्यादातर समय महंगे होटलों में किराए पर रहता था।



### नए लड़कों का इस्तेमाल

पुलिस के अनुसार आयुष अपने मादक पदार्थ के काम संचालित करने नए लड़कों का इस्तेमाल करता है, जिनका किसी भी तरह से कोई पुलिस रिकार्ड नहीं हो। पुलिस ने आयुष के साथ जिन दो लड़कों को गिरफ्तार किया है, उनका पूर्व में मादक पदार्थ या अन्य किसी मामले में कोई पुलिस रिकार्ड नहीं है।

### कुरियर ब्वाय के रूप में उपयोग

पुलिस के अनुसार क्षितिज तथा सिद्धार्थ आयुष के लिए कुरियर ब्वाय के रूप में काम कर रहे थे। आयुष कुरियर से जो प्रतिबंधित मादक पदार्थ मंगाता था, वह अपने नाम की जगह क्षितिज तथा आयुष के नाम से मंगवाता था। इसकी वजह दोनों के किसी तरह के पुलिस रिकार्ड नहीं होने की वजह से पुलिस द्वारा पकड़े जाने का कोई भय नहीं रहता था।

# गुम मां-बेटी का दो माह बाद भी नहीं मिला सुराग

रायपुर। आजाद चौक थाने में एक युवक ने मंदिर के एक पुजारी पर अपनी पत्नी के साथ साढ़े तीन साल की बेटी को झांसा देकर अपने साथ भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का अपराध दर्ज किया है। अपराध दर्ज होने के बाद भी पुलिस गुम मां-बेटी को तलाश नहीं कर पाई है। पुलिस मामले की पड़ताल करने की बात कह रही है। अग्रसेन चौक निवासी महिला के पति लोकेश कुमार फटींग ने भावेश तिवारी के खिलाफ अपनी पत्नी को बेटी के साथ गुमराह कर अपने साथ भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है। लोकेश के अनुसार भावेश आपराधिक प्रवृत्ति का है, इसलिए लोकेश ने भावेश पर अपनी पत्नी तथा बेटी के साथ किसी तरह से अप्रिय घटना को अंजाम देने की आशंका व्यक्त की है। लोकेश ने पुलिस को बताया कि उप्र के नंबर से उनके घर पर 26 अक्टूबर को तड़के पौने छह बजे के करीब कॉल आया था। कॉल पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो नंबर बंद बता रहा है। लोकेश की पत्नी को भावेश 24 सितंबर को अपने साथ भगाकर ले गया है।



# फर्जी डीपी लगाकर ठगी करने वाले पांच जालसाज राजस्थान से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रहने वाले कारोबारी से वाट्सएप में फर्जी डीपी लगाकर पांच लाख की ठगी करने के आरोप में सिविल लाइंस थाने की पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने राजस्थान के पांच जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 लाख रुपए जब्त किए हैं। पुलिस गिरफ्त में आए दो आरोपी पूर्व में भी ठगी के आरोप में जेल जा चुके हैं।

■ जालसाजों ने रायपुर के कारोबारियों से की थी पांच लाख की ठगी

पुलिस के मुताबिक कारोबारी बंटी जुमनानी से ठगी के आरोप में सुरेश पुरोहित, वैभव जैन, खानू खान, स्वरूप सिंह, हैदर को गिरफ्तार किया गया है। जालसाजों ने कारोबारी पुनीत परवानी की फोटो अपने मोबाइल के वाट्सएप की डीपी में लगाकर बंटी से दिल्ली में पांच लाख रुपए व्यवस्था कराने की मांग की थी। पुनीत बंटी का दोस्त है, इसलिए बंटी ने दिल्ली में किसी को बोलकर जालसाजों के लिए पांच लाख रुपए की व्यवस्था की थी।



## पेज 09 के शेष ...

### फ्री में पार्किंग तब...

गाड़ियों की पार्किंग की जा रही है। नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी के मल्टीलेवल पार्किंग शहर के प्रमुख मार्ग व भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित होने के बाद भी सड़क पर गाड़ियों की पार्किंग धड़ल्ले से हो रही है। करोड़ों खर्च कर पार्किंग की सुविधा देने जयस्तंभ चौक और कलेक्टोरेट के पास सर्वसुविधा युक्त मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराया गया है। हालत ये है कि 6 मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग के 2 फ्लोर पर ही मुश्किल से दोपहिया और चारपहिया वाहनों की पार्किंग हो रही है, जबकि बाकी के फ्लोर खाली पड़े हैं। कलेक्टोरेट पार्किंग के आसपास कई व्यावसायिक परिसर सहित सरकारी दफ्तर हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग अपने कार्य के सिलसिले में यहां आना-जाना करते हैं। इसी तरह ईएसी कालोनी वाली जगह पर लोगों की सेहतमंदी के लिए आक्सीजोन परिसर बनाया गया है। वहां सुबह और शाम शहरभर के विभिन्न इलाकों से लोग हरियाली के बीच एक्सरसाइज करने पहुंचते हैं। पार्किंग फ्री होने के बाद भी सड़क पर गाड़ियों की पार्किंग हो रही है। लोगों की आदत इतनी खराब है कि फ्री में पार्किंग सुविधा के बाद भी अपनी गाड़ियों को पार्किंग में रखने की जगह सड़क किनारे पार्क कर बेफ्रिकी से चले जाते हैं।

### 63 लाख की चोरी...

रवेली निवासी बालमुकुंद सोनकर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। बालमुकुंद ने पुलिस को बताया है कि वह पेशे से कृषक होने के साथ आयुर्वेदिक दवा आपूर्ति करने का काम करता है। बालमुकुंद के पिता कमल नारायण सहित सात भाई जिनमें से तीन भाई गांव में एक साथ रहते हैं, दो भाई किसी अन्य गांव, एक भाई रायपुर तथा एक भाई राजिम में रहता है। बालमुकुंद के अनुसार जो जमीन बेची गई थी, उनमें उनके पिता सहित चार अन्य चाचा भागीदार थे। ***सफाई करने के दौरान मिली जानकारी :*** बालमुकुंद ने पुलिस को बताया है कि उसने 16 अक्टूबर को अपने पिता की आंखों का ऑपरेशन कराने आंबेडकर अस्पताल में भर्ती किया था। उनकी मां, पिता की देख-रेख करने अस्पताल में थी, 19 अक्टूबर को अस्पताल से छुट्टी मिलने पर घर पहुंची। चार दिन बाद 23 अक्टूबर को बालमुकुंद की मां ने दीवान को सफाई करने खोला, उसमें नोटों से भरा हुआ कार्टून गायब मिला। ***वीआईपी के साथ अन्य ड्यूटी का बहाना करने का आरोप :*** बालमुकुंद के मुताबिक वह घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने 24 अक्टूबर को थाने पहुंचा। इस दौरान पुलिस ने उसे वीआईपी ड्यूटी में व्यस्त होने की बात कहकर रिपोर्ट दर्ज करने टालमटोल किया। बालमुकुंद के अनुसार वह कई बार रिपोर्ट दर्ज कराने थाने गया, लेकिन पुलिस उसे दीपावली, राज्योत्सव तथा केंद्रीय मंत्री का दौरा होने की बात कह कर रिपोर्ट दर्ज करने से बचती रही।

### अब गाइड लाइन मूल्य...

खरीदी-बिक्री में गाइड लाइन दर और सौदे की राशि में जो भी अधिक होता था, उस पर रजिस्ट्री शुल्क देना आवश्यक था। उदाहरण के लिए यदि किसी संपत्ति का गाइड लाइन मूल्य 10 लाख रुपये है और उसका सौदा 15 लाख में हुआ, तो रजिस्ट्री शुल्क 15 लाख पर 4 प्रतिशत के हिसाब से 60 हजार रुपये देना पड़ता था। नियम में संशोधन के बाद संपत्ति खरीदने वाले अब सौदे की रकम गाइड लाइन दर से अधिक होने पर भी वास्तविक मूल्य को अंकित कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें कोई रजिस्ट्री शुल्क नहीं देना होगा। 10 लाख रुपये की गाइड लाइन मूल्य वाली प्रॉपर्टी का सौदा 15 लाख में होता है, तो भी रजिस्ट्री शुल्क 10 लाख के 4 प्रतिशत के हिसाब से 40 हजार रुपये देय होगा। इस तरह 20 हजार रुपये की बचत होगी। ***सही मुआवजा प्राप्त हो सकेगा :*** उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार की इस पहल का सीधा लाभ राज्य के सभी मध्यमवर्गीय परिवारों को मिलेगा क्योंकि अधिकांश मध्यमवर्गीय परिवार संपत्ति खरीदने के लिए बैंक लोन पर निर्भर रहते हैं। बैंक लोन रजिस्ट्री पेपर में दिखाए गए सौदे के रकम के आधार पर मिलता है, लोग पंजीयन शुल्क से बचने के लिए गाइडलाइन कीमत के बराबर सौदा मूल्य दिखाते हैं। कम सौदा कीमत दिखाएं जाने से बैंक लोन भी कम मिलता है। इस नीति से आमजनों को न्यायिक प्रकरणों में भी संपत्ति का वास्तविक मूल्य प्राप्त होगा। यदि कभी संपत्ति में कुछ धोखाधड़ी पायी गई तो व्यक्ति विक्रेता से वही मुआवजा पाने का हकदार होता है, जो रजिस्ट्री पेपर में लिखा हुआ। संपत्ति का सही मूल्य रजिस्ट्री में अंकित होने से प्रभावित व्यक्ति को उसका सही मुआवजा प्राप्त हो पायेगा।

### 24 घंटे जल...

ने प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को 3 दिन का समय लीकेज सुधारने के लिए दिया है। इसके बाद ही संबंधित इलाकों में दोबारा पाइप लाइन टेस्टिंग कर 24 घंटे जल आपूर्ति शुरू की जाएगी। शहरवासियों को 24 घंटे पीने का साफ पानी मुहैया कराने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 15 वार्डों में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत 130 करोड़ रुपए की योजना शुरू की है। इसमें मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानकर नई पाइप लाइन बिछाई गई है। मोतीबाग पानी टंकी कमांड एरिया के 10 डिस्ट्रिक मीटर एरिया क्षेत्र में 24 घंटे पानी आपूर्ति शुरू हुई। इस दौरान संबंधित वार्डो में दर्जनभर से ज्यादा इलाकों में पाइप लीकेज के अलावा पानी का प्रेशर कम आने की समस्या देखी गई। नई व्यवस्था के परीक्षण के दौरान लाइनमैन व इंजीनियरों की टीम गलियों में खामियां तलाशने निकलीं। इस दौरान सबसे ज्यादा लीकेज जोन 2 कमिश्नरी क्षेत्र मौदहापारा में पाया गया। इसके बाद सिंधी मार्केट गली नंबर 1, 2 और 3 के साथ ही तात्यापारा व रामसागर पारा वार्ड में भी नई पाइप लाइन लीकेज के कारण पानी सड़क व गलियों में बहता रहा।

### महंगाई इसलिए भी...

कम हो गया है। इसके कारण सब्जियों की कीमत भी ज्यादा है। छत्तीसगढ़ में टमाटर की फसल आने के बाद भी इस बार कीमत अब तक चिल्हर में 40 से 50 रुपए है, नहीं तो टमाटर की कीमत लोकल फसल आने के बाद 5 से 10 रुपए हो जाती है। प्रदेश में लगातार धान का उत्पादन बढ़ रहा है। हर साल धान बोनी का रकबा भी लगातार बढ़ रहा है। पिछली बार प्रदेश में जहां 38.19 लाख हेक्टेयर में धान की बुआई की गई थी तो वहीं इस बार 39.26 लाख हेक्टेयर में धान बोया गया है। बीते साल से लगभग एक लाख हेक्टेयर ज्यादा क्षेत्रफल में धान की बुआई की गई है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस खरीफ सीजन में प्रदेश में रिकॉर्डतोड़ लगभग 180 लाख टन धान का उत्पादन होने का अनुमान है। ज्यादा उत्पादन के कारण किसानों की जेब में लगभग 50 हजार करोड़ रुपए जाने वाले हैं।

### सब्जी के उत्पादन...

करने वाले किसानों ने भी धान की तरफ रुख किया है। इसी के साथ दूसरी सब्जियां लगाने वाले किसान भी धान की फसल ले रहे हैं। ड्रिप इरिगेशन का कम करने वाले कुछ कंपनियों ने अधिकारियों ने बताया अब सब्जी के लिए ड्रिप इरिगेशन का काम भी कम हो गया है।

### गंगरेल डेम से पानी...

लिए छोड़ा गया। दरअसल, नगर निगम के इंटेकवेल में पानी की कमी से शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित रही। यही नहीं, इस बार कार्तिक पुन्नी मेला के लिए डेम से अतिरिक्त पानी नहीं मिला। अधिकारियों ने बताया कि धमतरी के गंगरेल बांध से 4 दिनों तक पानी नहीं छोड़ा गया। इसके कारण इंटेकवेल 40 इंच तक खाली रहा, यह स्थिति 16 नवंबर तक बनी रही। बेन्द्री गांव के पास नहर में मरम्मत कार्य की वजह से गंगरेल बांध से रायपुर शहर के लिए पानी नहीं छोड़ा गया। एनीकट खाली होने से हड़बड़ाए फिल्टर प्लांट के अधिकारियों ने सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद शनिवार को गंगरेल डेम से शहर के लिए 300 क्यूसेक रॉ वाटर छोड़ा गया। एनीकट में पहुंच गया पानी, धीरे-धीरे बढ़ेगा लेवल : गंगरेल डेम से शहर की पेयजल की जरूरत के हिसाब से रॉ वाटर पहुंच गया है। धीरे-धीरे इसका लेवल बढ़ेगा। सुबह 300 क्यूसेक रॉ वाटर राजधानी वासियों की पेयजल डिमांड के हिसाब से छोड़ा गया है।

*- नरसिंग फरेन्द्र, कार्यपालन अभियंता जल, नगर निगम रायपुर*

:: शोक संदेश ::

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः । न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।
(आत्मा को शस्त्र काट नहीं सकते, आग उसे जला नहीं सकती, पानी उसे भीगा नहीं सकती और हवा उसे सूखा नहीं सकती)

:: जन्म ::
06 जुलाई 1930
आषाढ़ शुक्ल
देवशयनी एकादशी
विक्रम संवत् 1987



:: निर्वाण ::
15 नवम्बर 2024
कार्तिक शुक्ल
बैकुण्ठ चतुर्दशी
विक्रम संवत् 2081

स्व. श्री नत्थूलाल सिंघानिया

:: शोक बैठक ::
दिनांकः 17 से 23 नवम्बर 2024 तक
समयः 3.30 बजे अपरान्ह से 7.30 सायंकाल तक
स्थानः उमेश सिंघानिया का आवास, स्ट्रीट नं.- 6 उदया गृह निर्माण सोसायटी, टाटीबंध, रायपुर

पगड़ी एवं श्रद्धांजली सभा
स्थानः रामनाथ भीमसेन धर्मशाला, समता कॉलोनी, रायपुर
दिनांकः 24 नवम्बर 2024 (रविवार), समयः सांय 4.00 बजे

:: पुष्पांजली सभा लैलूंगा ::
दिनांकः 19 नवम्बर 2024 (मंगलवार), समयः 11 से 3 बजे तक
स्थानः निज निवास, लैलूंगा

:: शोकाकुल ::
श्रीमती उषा अग्रवाल (पुत्रवधु), ललित कुमार, शशि कुमार, चन्द्रकांत, मोहनलाल, सोहनलाल, रमेश कुमार, उमेश कुमार (पुत्रगण) सुमित, प्रतीक, हर्षित, दिव्येश, अक्षय, निरंजन, प्रद्युम्न, आदित्य, परम (पौत्रगण) एवं समस्त सिंघानिया परिवार - लैलूंगा, रायगढ़, रायपुर

:: संस्थान :: इंडस टैक्निकल एण्ड फायनेंसियल कंसलटेंट्स प्रा.लि, सिंघानिया टैक्निक्स (सिविल कांट्रैक्टर्स) प्रगति कृषि सेवा केन्द्र, लैलूंगा, संगम इस्पात (इंडिया) प्रा. लि. आर.डी.एन.ए. एंड कम्पनी एलएलपी, सिंघानिया एग्रो फार्म प्रा. लि. (वैदत्व मसाला)

RSVP: 9301193400, 9617790664, 9424188214, 9329101903, 9329101901, 9300206719

MAHESHWARI

## वेतन विसंगति को लेकर शिक्षक करेंगे आंदोलन, बैठक आज

रायपुर। वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर शिक्षक बड़ा आंदोलन करने की तैयारी में हैं। इसकी रणनीति तय करने 17 नवंबर को राजधानी में प्रांत स्तरीय बैठक बुलाई गई है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन की इस बैठक में मुख्य रूप से मोदी की गारंटी के तहत प्रदेशभर से सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति व क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने को लेकर मंत्रणा होगी। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने बताया कि बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी व जिला अध्यक्ष मौजूद रहेंगे।




# जहां टाइगर की मौत हुई थी उसके तीन किलोमीटर के दायरे में मिली तेंदुए की बॉडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कोरिया वनमंडल के जिस क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व मृत हालत में बाघ मिला था, उसके तीन किलोमीटर के दायरे में शनिवार को एक तेंदुआ की बॉडी मिली है। साथ ही पास में एक अन्य वन्यजीव का कंकाल मिला है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर वन अफसर, कर्मियों की टीम मामले की पड़ताल करने पहुंच गई है। बाघ की मौत को लेकर अब तक सस्पेंस बरकरार है। बरेली स्थित आईवीआरआई (इंडियन वेटेनरी रिसर्च इंस्टिट्यूट) से बाघ की मौत को लेकर विस्तृत बिसरा रिपोर्ट आने के बाद बाघ की मौत की असल वजहों का खुलासा हो पाने की बात एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ प्रेम कुमार ने कही है।

गौरतलब है कि सोनहत वन परिक्षेत्र से सटे वनग्राम में आठ नवंबर को एक बाघ की बॉडी मिली थी। बॉडी दो से तीन दिन पुरानी थी। बाघ की मौत का मामला सुलझ ही नहीं पाया है, इसी बीच बाघ की बॉडी मिलने के तीन किलोमीटर के दायरे में तेंदुआ की बॉडी मिलने की खबर ने वन अफसरों के होश उड़ा दिए हैं। एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने तेंदुआ की बॉडी मिलने की पुष्टि की है। मौत के कारणों का खुलासा पीएम के साथ बिसरा रिपोर्ट मिलने के बाद होगा।


राज्य के जंगल बने बाघों के लिए कब्रगाह सालभर में दो की मौत, मॉनिटरिंग फेल

### क्षेत्र में एक बाघ और विचरण कर रहा

जिस इलाके में बाघ के साथ तेंदुआ की बॉडी मिली है, उसी क्षेत्र में एक और बाघ विचरण कर रहा है। ऐसे में बाघ की सुरक्षा को लेकर प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व बनाया जाना है। ऐसे में क्षेत्र में लगातार शेड्यूल-1 प्रजाति के वन्यजीवों की लगातार बॉडी मिलने की घटना को एनटीसीए गंभीरता से ले सकती है।

### अमले की कमी से जूझ रहा विभाग

गुरु घासीदास सहित राज्य के ज्यादातर अभयारण्य, नेशनल पार्क तथा टाइगर रिजर्व मैदानी अमले की कमी से जूझ रहे हैं। इसके कारण वनों में सही तरीके से पेट्रोलिंग के साथ मॉनिटरिंग नहीं हो पाती। इसी के चलते गोमर्डा से लेकर कोरिया वनमंडल में बाघ की मौत की जानकारी विभाग को देर से मिल पाई।

पुलिस मामले की पड़ताल करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कह रही

# देनदारी से बचने झूठी शिकायत कोर्ट के आदेश पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पेशे से अधिवक्ता को देनदारी से बचने तथा चेक बाउंस होने के बाद बचने के लिए मंत्रालय में पंजीयक कार्यलय में निरीक्षक के पद पर पदस्थ शशि किरण अट्भैया तथा उसके पति भूपेंद्र कुमार के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने प्रथम श्रेणी न्यायालय के आदेश पर दंपति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार पेशे से अधिवक्ता विजय कुमार दास ने



दंपति के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर किया था। विजय कुमार दास ने आरोप लगाया है कि शशि किरण के पति ने रुपए उधार लिए थे। रकम का चुकारा देने साढ़े 13 लाख रुपए के दो चेक दिए। चेक बाउंस होने पर विजय ने कोर्ट में याचिका दायर की। इसके बाद शशि किरण ने पैसा देने से बचने 17 फरवरी 2020 को गृह मंत्री सहित पुलिस के आला अफसरों के पास विजय दास के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने विजय कुमार पर लगे आरोपों की जांच करने के बाद उसे क्लीन चिट दिया। जांच में क्लीन चिट मिलने के बाद विजय दास ने शशि किरण तथा उसके पति के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर किया। कोर्ट के आदेश के बाद गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जल्द गिरफ्तारी की बात कह रही है।










### ह्यूमन कंप्यूटर इंटरैक्शन और कंप्यूटर विजन पर वर्कशॉप

रायपुर। एनआईटी रायपुर के रोबोटिक्स क्लब द्वारा शनिवार को ह्यूमन कंप्यूटर इंटरैक्शन और कंप्यूटर विजन पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें स्पीकर के रूप में एआई विशेषज्ञ डॉ. अविनाश कुमार सिंह मौजूद रहे। उन्होंने ह्यूमन कंप्यूटर इंटरैक्शन और रोबोटिक्स विजन के बारे में चर्चा की। इस सेमीनार का आयोजन रोबोटिक्स क्लब के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. राजेश डोरिया के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. राजेश डोरिया ने सत्र की शुरुआत करते हुए चर्चा की जाने वाली योजनाओं को साझा किया और एआई और रोबोटिक्स के क्षेत्र में डॉ. अविनाश कुमार सिंह के योगदान के बारे में बताया। डॉ. अविनाश ने अपनी बात की शुरुआत ह्यूमन-कंप्यूटर इंटरैक्शन (एचसीआई) के महत्व को समझाकर की। उन्होंने इसके अनुप्रयोगों जैसे विजुअल ग्राउंडिंग और जेस्चर रिकग्निशन के उदाहरण दिए।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 17 नवंबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

शादी में दूल्हा-दुल्हन किराए पर ले रहे ...

लाइव इवेंट

## मराठी परिधान में पहुंची महिलाएं, पेश किया लोकनृत्य



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल द्वारा शनिवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दोपहर 3 बजे से आयोजित समारोह में राजधानी के 16 केंद्रों की 200 से अधिक महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन महाराष्ट्र मंडल के सरोना, कोटा और टाटीबंध महिला केंद्र ने 'एक केंद्र, एक दीया' थीम पर दिवाली मिलन का आयोजन किया। इस अवसर पर महिलाएं हाथों में दीये लेकर मंडल के सभागार पहुंचीं। मराठी परिधान में सजी-धजी महिलाओं ने कार्यक्रम का प्रारंभ छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य में प्रस्तुति के साथ किया। इसमें महिलाओं ने सुआ गीत व छत्तीसगढ़ी गीतों पर प्रस्तुति दी।

### दीपावली विषय पर नाटक का मंचन



समारोह के दौरान सड्डू व मोवा केंद्र की महिलाओं ने तीन मिनट के नाटक का मंचन किया, जिसका शीर्षक दीपावली के पांच दिन रहा। छत्तीसगढ़ में पहले दिन धनतेरस, दूसरे दिन नरक चौदस, तीसरे दिन दीपावली, चौथे दिन गौरा-गौरी विवाह और पांचवे दिन भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। जहां दीपावली के साथ मुख्य आकर्षण का केंद्र गौरा-गौरी विवाह होता है। जहां माता पार्वती व भगवान शिव का विवाह गोड़ समाज के सदस्य कराते हैं। नाटक के दौरान छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रमुखता से बताया गया। नाटक के माध्यम से त्योहारों का महत्व बताया गया।

नई तकनीक से उपचार सरल, दो-तीन साल में ही मरीज हो सकते हैं स्वस्थ

# पांच साल में दोगुने हुए मिर्गी के मरीज वयस्कों के साथ बच्चे भी इसकी चपेट में

### सरकारी अस्पतालों में रोजाना 70-100 नए केस

देशभर में मिर्गी के मरीज हैं, जिनका आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते 5 साल में देशभर में लगभग 1 करोड़ का आंकड़ा सामने आया है। राजधानी के सरकारी एवं निजी अस्पतालों में रोजाना 10-15 नए मरीज मिर्गी के आ रहे हैं। वही प्रतिमाह की बात की जाए तो लगभग 300-500 का आंकड़ा सामने आ रहा है, जिसका मुख्य कारण व्यक्ति की बदलती दिनचर्या एवं खानपान से संबंधित है। परिवार के सदस्य को पहली बार दौरे पड़ने पर तुरंत ही चिकित्सक के पास जाकर उपचार कराने का जरूरत है, जिससे कम समय में ही उपचार प्रारंभ किया जा सके।

### 12 से 20 साल तक के बच्चों में समस्या

सरकारी अस्पतालों में 12 से 20 साल तक के बच्चों में मिर्गी की समस्या सबसे अधिक देखने को मिल रही है। वर्तमान में बीमारी का कारण आनुवंशिक, जन्म के दौरान ऑक्सीजन की कमी, शराब का सेवन, डिस्को लाइट, नींद की कमी, भोजन का निश्चित समय न होना शामिल है।




> व्यक्ति की दिनचर्या एवं खानपान में तेजी से बदलाव अनेक बीमारियों को आमंत्रण दे रहे हैं। इससे कम उम्र में ही लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे बचाव के लिए दिनचर्या एवं खानपान में जल्द ही सुधार लाना व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

**रायपुर।** कामकाजी और व्यस्त जीवन में फास्ट फूड का सेवन, नींद की कमी, चिड़चिड़ापन सामान्य लगने वाली समस्या आने वाले दिनों में बड़ी बीमारी ला सकती है। इन बदलावों से मिर्गी जैसे गंभीर बीमारी भी बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों तक में देखी जा रही है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार, मिर्गी एक ऐसी बीमारी है, जो सभी उम्र के व्यक्तियों को हो सकती है। आमतौर पर इस बीमारी की चपेट में बच्चे और युवा ज्यादा आते हैं।



### मिर्गी के ये लक्षण

- हाथ-पैरों में अकड़न
- मुंह से झाग आना
- एकटक देखना
- असामान्य मानसिक गतिविधि
- झटके व दौरे आना
- अचानक गिर जाना
- बार-बार बेहोश होना




यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें व्यक्ति को दौरे पड़ने लगते हैं। ये दौरे अक्सर मामूली होते हैं, लेकिन कई बार यह गंभीर रूप भी ले सकते हैं। बीमारी को दवाइयों की मदद से काफी हद तक नियंत्रित किया जाता है। राजधानी में रोजाना लगभग 10-15 मिर्गी के नए मरीज अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। यह आंकड़ा बीते 5 सालों में लगातार बढ़ता जा रहा है। 'राष्ट्रीय मिर्गी दिवस' पर हरिभूमि से शहर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने इस बीमारी से संबंधित जानकारी साझा की।

### ऑपरेशन से इलाज संभव

विशेषज्ञ डॉ. अमित मुखर्जी ने बताया, मिर्गी की समस्या किसी भी एज ग्रुप के व्यक्ति को हो सकती है। किसी बच्चे से लेकर 60 साल के व्यक्ति तक को भी पहला मिर्गी का झटका आ सकता है। नई तकनीक के साथ सर्जरी करना आसान हो गया है, जिसमें ऑपरेशन कर कनेक्शन को डिस्कनेक्शन किया जाता है। नई तकनीक की मदद से मेडिसिन में भी सुधार आया है, लगभग 10-12 साल से दवाई के लो साइड इफेक्ट के साथ तैयार किया जा रहा है, जो व्यक्ति के शरीर को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं करता। बीमारी में दवाईयों का असर केवल 20 प्रतिशत लोगों में कम होता है, जिसका उपचार ऑपरेश्न के माध्यम से किया जाता है।

### सही उपचार से दो साल में स्वस्थ

डीकेएस अस्पताल से डॉ. अभिजीत कुमार कोहट ने मिर्गी बीमारी से संबंधित जानकारी साझा करते हुए कहा, यह बीमारी बच्चों से लेकर बुजुर्ग व्यक्तियों तक में भी देखी जा सकती है। मिर्गी के कई कारण हो सकते हैं, जैसे सिर में चोट, दिमाग में संक्रमण, ब्रेन की विद्युत तरंगों का एक साथ ब्लास्ट होना इसमें शामिल हैं। इस बीमारी का उपचार संभव है, जहां 10-15 साल से नई तकनीक व दवाईयों की मदद से 2-3 सालों में ही 60 प्रतिशत लोगों की बीमारी ठीक की गई है। वही बचे 40 प्रतिशत लोगों को 5-7 साल का वक्त ठीक होने में लगता है।



सिटी इवेंट

## खेल एवं युवा कल्याण ने निकाली 16 पदों पर संविदा भर्ती निकाली




**रायपुर।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण के द्वारा वार्डन, स्टोरकीपर, सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के कुल 16 पदों पर संविदा भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया। जिनमें राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर हेतु वार्डन (पुरूष) 1 पद, वार्डन (महिला) 1 पद, स्टोरकीपर 1 पद, सहायक ग्रेड-3 के 1 पद एवं भृत्य के 02 पद शामिल हैं। इसके साथ ही मैदानी कार्यालयों के लिए भृत्य के 10 पद शामिल हैं। संचालक खेल एवं युवा कल्याण तनुजा सलाम ने बताया कि विभागीय सेटअप अनुसार ऐसे सभी रिक्त पद जिन पर वित्त विभाग से भर्ती की अनुमति प्राप्त है, उन पर जल्द से जल्द भर्ती की कार्यवाही सम्पन्न कराई जाएगी। संविदा के रिक्त पदों पर विज्ञापन जारी कर दिया गया है। ऐसे नियमित पद जिन पर वित्त विभाग से भर्ती की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, उन पदों पर लोक सेवा आयोग तथा व्यापम के माध्यम से सीधी भर्ती के लिए भी शीघ्र प्रस्ताव भेजा जाएगा।

**29 तक कर सकेंगे आवेदन**

### वेबसाइट से आवदेन होंगे डाउनलोड

*उपर्युक्त उल्लेखित संविदा के रिक्त पदों के लिए इच्छूक और योग्य अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अंतिम तिथि 29.11.2024 को सांय 5 बजे तक आवेदन पत्र रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से जमा करा सकते हैं। प्राप्त आवेदनों पर विभागीय भर्ती नियमों के अनुरूप भर्ती समिति की अनुशंसा पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी, इसके लिए संचालक ने भर्ती समिति का गठन कर दिया है। आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट **www.sportsyw.cg.gov.in** से डाऊनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र एवं विस्तृत विज्ञापन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विभागीय वेबसाइट और संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर के सूचना पटल पर उपलब्ध है।*

जारी किए गए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट के एडमिट कार्ड

## क्लैट में पांच खंड, भावी वकीलों से पूछे जाएंगे सामान्य ज्ञान सहित कानूनी तर्क से जुड़े सवाल

**रायपुर।** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के संघ ने 15 नवंबर को कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट के एडमिट कार्ड 2025 जारी कर दिए हैं। पात्र उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। एक दिसंबर को लॉ स्कूलों द्वारा पेश किए जाने वाले स्नातक और स्नातकोत्तर कानून कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाएगी। आधिकारिक नोटिस में कहा गया है, यूजी और पीजी क्लैट 2025 के लिए एडमिट कार्ड पंजीकृत उम्मीदवारों के लिए 15 नवंबर सुबह 10.30 बजे से एक दिसंबर दोपहर 01:30 बजे तक उनके आवेदन पोर्टल से डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध होंगे।




### प्रश्नपत्र में होंगे 120 बहुविकल्पीय प्रश्न

क्लैट 2025 परीक्षा ऑफलाइन मोड में आयोजित होगी। प्रवेश परीक्षा की अवधि दो घंटे होगी और परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे। परीक्षा में 5 खंड होंगे-अंग्रेजी भाषा, सामान्य ज्ञान सहित करंट अफेयर्स, कानूनी तर्क, तार्किक तर्क और मात्रात्मक तकनीक। परीक्षा की अवधि 2 घंटे होगी। प्रश्न पत्र में 120 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिनमें से प्रत्येक एक अंक का होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक की नेगेटिव मार्किंग होगी।

### 21 नवंबर तक जमा करने होंगे दस्तावेज

आरबीआई ऑफिसर ग्रेड भर्ती परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने ऑफिसर्स ग्रेड फेज-2 के नतीजों का एलान आधिकारिक वेबसाइट पर किया है। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर नतीजों की जांच कर सकते हैं। इस परीक्षा में चयनित किए गए उम्मीदवारों को अपना विधिवत भरा हुआ बायोडाटा और संबंधित शैक्षणिक दस्तावेजों अथवा प्रमाणपत्रों की स्कैन की गई प्रतियां 21 नवंबर तक आरबीआई सर्विसेज बोर्ड को ईमेल आईडी **documentrbisb@rbi.org.in** पर जमा करनी चाहिए। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि बायोडाटा और अन्य दस्तावेजों को जमा करने के संबंध में भविष्य के सभी पत्राचार और प्रश्न केवल ई-मेल आईडी **documentrbisb@rbi.org.in** पर ही पूछे जा सकते हैं।

## आज विमोचित होगी 'श्री श्री आनंदमूर्ति एक अलौकिक सत्ता है'

**रायपुर।** आचार्य प्रणवात्माकानंदजी के हिंदी अनुवाद का लोकार्पण वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में आयोजित एक समारोह में रविवार को सुबह 11 बजे किया जाएगा। इस हिंदी किताब का नाम 'श्रीश्री आनंदमूर्ति एक अलौकिक सत्ता है'। आचार्य अनिमेषानंद ने इसका हिंदी में अनुवाद किया है। किताब का विश्व के 18 भाषाओं में अनुवाद होने जा रहा है। इनमें अंग्रेजी, फ्रेंच, इटालियन, बांग्ला व स्पेनिश संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। आयोजन समिति के प्रमुख डॉ. सत्यजीत साहू के साथ ही आचार्य अर्पितानंद, शेखर चंद्राकर, मालती परगनिहा और सुबोध देव ने शनिवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी।



**किताब हर वर्ग के लिए उपयोगी:** यह किताब आनंद मार्ग के संस्थापक प्रभात रंजन सरकार के जीवन पर आधारित है, जिन्हें आध्यात्मिक जगत में श्री श्री आनंदमूर्ति के नाम से भी जाना जाता है। किताब की प्रस्तावना विश्वविख्यात साइंटिस्ट सोहेल इनायतुल्ला, प्रोफेसर मेलबर्न यूनिवर्सिटी, ताइवान यूनिवर्सिटी ने लिखी है। उन्होंने लिखा है कि किताब को कई तरीके से पढ़ा जा सकता है। इसमें भक्ति का तरीका, आध्यात्म के लिए प्रेरणा, शिक्षाप्रद घटना, कथा और कहानी के रूप में है। इसे भविष्य निर्माण की रूपरेखा के तौर पर पढ़ा जा सकता है।

कला केंद्र में संगीत की विभिन्न विधाओं पर हो रहा कक्षाओं का संचालन

## कला केंद्र में नए साल से बच्चे-बुजुर्ग शुरू करेंगे संगीत और योग का सफर, नई क्लास के लिए बढ़े रजिस्ट्रेशन

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सरकारी एवं निजी संस्थाओं द्वारा प्रत्येक माह कक्षाएं संचालित की जाती हैं, जिसमें प्रतिभागियों के मनपसंद विषयों का चयन कर कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। नालंदा परिसर स्थित कला केंद्र में भी अनेक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जहां बच्चों से लेकर 50-60 वर्ष तक के बुजुर्ग भी केंद्र के साथ जुड़े हैं। यहां सुबह-शाम दो पालियों में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। गर्मी की छुट्टियों में प्रारंभ यह स्थल राजधानी के लोगों का मनपसंद केंद्र बन चुका है, जहां बच्चों संग उनके परिजन छुट्टियों का इंतजार कर रहे। विंटर सीजन आते ही कला केंद्र में वापस छात्रों की संख्या बढ़ने लगी है, जो गर्मी की छुट्टियों तक निरंतर बढ़ने वाली है।







### समर सीजन में नई क्लासेस

*कला केंद्र के प्रबंधकीय सदस्य केदार पटेल ने बताया, गर्मी की छुट्टियों में छात्रों की संख्या अधिक रही, जिसके बाद विद्यालय प्रारंभ होते ही कम होने लगी। मार्च में 525 पंजीयन, अप्रैल में 427, मई में 707, जून में 197, जुलाई में 148, अगस्त में 116, सितंबर में 67 नए पंजीयन कराए गए। वहीं वर्तमान में 365 छात्र कला केंद्र के साथ जुड़े हुए हैं। नए वर्ष से पहले 5-7 नई क्लासेस प्रारंभ की जाएंगी, जिसके लिए गर्मी की छुट्टियों से पहले बैठक में तय किया जाना है। साथ ही अभिभावक एवं छात्रों के मनपसंद क्लास की व्यवस्था भी की जाएगी।*

### छुट्टियों से पहले बैठक में तय करेंगे

ड्राइंग, मूर्तिकला, गायन, शास्त्रीय नृत्य, वेस्टर्न डांस, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, तबला, हारमोनियम, ड्रम, की-बोर्ड की कक्षाओं से कला केंद्र प्रारंभ किया गया था। जहां वर्तमान में प्रतिभागियों के रुझान के अनुसार स्पोकन इंग्लिश, जुम्बा क्लास, योग जैसी अनेक नई कक्षाएं प्रांरभ की गई हैं। मार्च 2024 में प्रारंभ कला केंद्र बच्चों संग बुजुर्गों का मनपसंद स्थान बन चुका है, जहां शुरुआत में ही दो हजार से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया।



## समाज लाइव

# जयपुरी पैर पाकर खिल उठे चेहरे, चलकर पहुंचे अपने घर



**रायपुर।** सामाजिक संस्थाओं द्वारा जनहित कार्य के उद्देश्य से अनेक गतिविधियां की जाती हैं, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा व राशि का सहयोग देकर मदद की जाती है। संस्थाओं द्वारा शनिवार को हादसे व बीमारी में पैर खोने वाले व्यक्तियों की जयपुरी पैर वितरण किए गए, जिसके पश्चात फिर चल पाने की आस में पीड़ितों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जहां कई व्यक्ति सालों बाद अपने पैरों पर चलकर उत्साहित नजर आए। महावीर इंटरनेशनल त्रिशला द्वारा श्री विनय मित्र मण्डल ने वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांगों को जयपुर पैर का वितरण निशुल्क किया गया। संस्था द्वारा 311वां कृत्रिम पैर वितरण के कार्यक्रम का आयोजन कराया गया, जिसमें प्रदेशभर के लोग शामिल हुए।

### कार्यशाला में 10 लोगों की मदद

आयोजन में त्रिशला की अध्यक्ष शीला ने बताया, संस्था से जुड़े सदस्यों की मदद से जरूरतमंद लोगों की मदद की गई। श्री विनय मित्र मण्डल द्वारा संचालित जयपुर पैर के स्थायी वर्कशॉप में घुटनों के ऊपर से कटे एक दिव्यांग व घुटने से नीचे से पैर कटे 9 भाई-बहनों को कृत्रिम पैर लगाए गए। कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल त्रिशला की शीला श्रीश्रीमाल, इंदू लोढ़ा, लीला श्रीश्रीमाल, राजकुमारी कोचर, रंजना श्रीश्रीमाल, जयश्री पुगलिया, राजश्री श्रीश्रीमाल, सुधा सेठिया, उषा कोठारी उपस्थित थीं। गवर्निंग काउंसिल के मेंबर देवीचंद श्रीश्रीमाल, रमेश कोठारी, श्री विनय मित्र मण्डल के संस्थापक महेंद्र कोचर, खेमराज बैद, सचिव आकाश गोलछा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंदू लोढ़ा ने किया।

## धर्म लाइव

# भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता हमेशा रहेगी अमर



**रायपुर।** शर्मा परिवार द्वारा प्रोफेसर कॉलोनी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रवचनकर्ता ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा का मित्रता की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि सुदामा भगवान श्रीकृष्ण के सहपाठी और बहुत घनिष्ठ मित्र थे। भगवान श्रीकृष्ण एक राजा थे, सुदामा एक दरिद्र ब्राह्मण। यह अंतर उनकी सच्ची मैत्री में बीच नहीं आया। सुदामा श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका नगरी गए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को भेंट करने के लिए एक बहुत ही विनम्र उपहार रखा। वे क्या ले गए? कुछ किताबें कहती हैं कि वे पोहा (पीटा चावल) ले गए, जबकि कुछ पुस्तकें और चलचित्र कहते हैं कि उन्होंने सत्तू (पीठ) रखा। यह भ्रमित करने वाला अंतर इसलिए है, क्योंकि सुदामा न सत्तू ले गये और न ही पोहा। वह अपने साथ सत्तू और पोहे के संयोजन को सत्तू-पीठ पोहे या तेलुगु में अटुकुलु कहते थे, यह सामवादी लाड ब्राह्मणों का एक विशेष खाद्य है, जिससे सुदामा संबंधित थे। सुदामा एक सामवादी ब्राह्मण थे, कमोबेश व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है, पर उनका गृहनगर भुर्गकचा (भदोच) था या पोरबंदर, एक ऐसा बिंदु है, जिस पर थोड़ा मतभेद मौजूद है।

## सिटी इवेंट

# टीचर बने चाचा नेहरू, बच्चों से पूछे प्रश्न, दिए आकर्षक उपहार



**रायपुर।** बाल दिवस साल का वह दिन होता है, जब बच्चों में स्कूल जाने को लेकर डबल उत्साह रहता है। हो भी क्यों न... क्योंकि यह दिन ही बच्चों के लिए होता है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने जन्मदिन को बच्चों को समर्पित कर दिया था। महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में शुक्रवार, 16 नवंबर को बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर शिक्षक चाचा नेहरू बने नजर आए। जिन्होंने बच्चों को आकर्षक सवाल पूछे और उन्हें आकर्षक उपहार भी वितरित किए। सुबह की प्रार्थना भी शिक्षकों द्वारा की गई। इसमें अंजलि मैडम ने बाल दिवस की जानकारी दी। सुदेवी बिश्वास और रेणुका मैडम ने बाल दिवस पर सुविचार व्यक्त किए। इस दौरान सभी शिक्षिकाओं भारती, श्वेता, अपर्णा आठले, प्रीति, शिखा शर्मा, हार्दिका, सुरेखा, अंजलि, रेणुका, किरण, ज्योति, विनीता सुंदरानी नृत्य व नाटक भी प्रस्तुत किया।

### कविता ने जीता दिल

प्रीति मैडम ने प्रार्थना सभा में बच्चों से प्रश्न पूछे और भारती सहगल ने प्रतिज्ञा दिलाई। तत्पश्चात सभागार में बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान बाल दिवस प्रश्न मंजूषा में अस्मिता कुसरे ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की जीवनी पर आधारित कुछ प्रश्न कक्षानुसार पूछे। जिन बच्चों ने सही उत्तर दिए, उन बच्चों को कार्यक्रम में जवाहर लाल नेहरू बनकर आए अक्षय सर ने पुरस्कार देकर प्रेत्साहित किया। भोज, कृष्णा, शिवांश, विहान, छाया, श्रुति, तेजस, कार्तिक, ध्रुविषा आगे रहे। शिक्षिका शिखा गुप्ता ने बचपन का जमाना था.., कविता प्रस्तुत की।

● शादियों में किराए पर कपड़े लेने का बढ़ा ट्रेंड, 2 लाख की ब्रांडेड ड्रेस 40 हजार में किराए पर ले रहे

# शादी में दूल्हा-दुल्हन किराए पर ले रहे डिजाइनर ड्रेस और ज्वेलरी, एक दिन के लिए 50 हजार तक खर्च कर रहे

देवउठनी के बाद शादियों का सीजन फिर से शुरू हो चुका है। कई लोगों को शादियों में महंगे कपड़े पहनने का शौक होता है, लेकिन नए कपड़ों के दाम अधिक होने से वे खरीद नहीं पाते। ऐसे में किराए पर कपड़े लेने का विकल्प लोगों को इन दिनों काफी पसंद आ रहा है। राजधानी में भी महानगरों की तर्ज पर शादियों के लिए महंगे कपड़े किराए पर लिए जा रहे हैं। इसकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है। दूल्हा-दुल्हन के कपड़े और ज्वेलरी भी किराए पर एक दिन के लिए ली जा रही है। बता दें कि नवंबर और दिसंबर महीने में शादियों के कई मुहूर्त हैं।

**रायपुर।** शादी के मौके पर दूल्हा-दुल्हन के परिधानों की खूब खरीदारी की जाती है, लेकिन दूल्हा-दुल्हन के ऐसे महंगे परिधान सिर्फ शादी के दिन ही शोभा बढ़ाते हैं। उसके बाद ये ज्यादातर काम नहीं आते, इन्हें केवल यादों के लिए संजोकर रख दिया जाता है। इसलिए युवा वर्ग अब किराए पर शादी के लिए महंगे जोड़े ले रहे हैं।





### ड्रेसेस किराए पर लेने का बढ़ा क्रेज

रायपुर में दूल्हा-दुल्हन के परिधानों की सैकड़ों दुकानें हैं, लेकिन राजधानी के पंडरी कपड़ा मार्केट की दुकानों में शादी और दूसरे फंक्शन के लिए परिधान किराए पर ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में दिए जाते है। लग्न वस्त्र कपड़े का कारोबार करने वाले भरत जैन ने बताया कि 3 साल पहले लग्न के नाम से ऑनलाइन मोड पर ड्रेसेस किराए पर देने का काम शुरू किया। इसका रिस्पांस भी अच्छा मिल रहा है। ऑनलाइन ड्रेसेस में दूल्हा और दुल्हन दोनों के परिधान दिए जा रहे हैं। ब्राइडल लहंगा, गाउन, शेरवानी और कपल्स ड्रेसेस की मांग बढ़ी है।



### किराए के कपड़ों पर 40 हजार से अधिक खर्च रहे

आमतौर पर शादियों के लिए दूल्हा और दुल्हन हैवी और महंगी ड्रेसेस पसंद करते हैं, लेकिन वर्तमान समय में ऐसे ड्रेसेस काफी महंगे हैं। बाजार में इसकी कीमत 60 हजार रुपए से लेकर 80 हजार रुपए तक होती है। ऐसे में दूल्हा और दुल्हन अपनी शादियों के लिए ड्रेसेस किराए पर लेकर अपना शौक और पसंद पूरा करते हैं। शादी में पहने जाने वाले दूल्हा और दुल्हन के इस परिधान को किराए पर 5 रुपए से लेकर 40 हजार रुपए तक के किराए पर लिया जा सकता है। आज मार्केट में ऑफलाइन के बजाय दूल्हा दुल्हन के परिधान ऑनलाइन पसंद किए जा रहे हैं।

### राजघराना में दुल्हन के परिधान की मांग अधिक

पंडरी कपड़ा मार्केट में ऑफलाइन मोड पर दुल्हन के परिधान किराए पर देने वाली राजघराना शॉप की कारोबारी श्वेता अग्रवाल ने बताया कि दुकान में शादियों के लिए दुल्हन के परिधान ही किराए पर दिए जाते हैं। ऐसे परिधान 10 हजार से लेकर 50 हजार रुपए तक किराए पर देती हैं, जिसमें ब्राइडल लहंगे के साथ चुनरी और ब्लाउज भी दिया जाता है। यहां पर पहले दुल्हन के परिधान के साथ ही जेवर और आभूषण किराए पर दिए जाते रहे हैं, लेकिन बीते कुछ साल से जेवर और आभूषण किराए पर देने बंद कर दिए हैं। आजकल लोग शादी के साथ ही सगाई और मेहंदी जैसी रस्मों के लिए भी ड्रेसेस किराए पर लेना पसंद करते हैं।

# घंटों इंतजार के बाद नौका विहार और झूले का आनंद अंतिम दिन 50 हजार से ज्यादा की भीड़ से मेला गुलजार

**रायपुर।** खारुन तट पर पुन्नी मेला में दूसरे दिन भी 50 हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ उत्साह से पहुंची। इसके चलते मेला स्थल दिनभर गुलजार रहा। किसी ने नौका विहार का लुत्फ उठाया तो कोई झूला जोन में पहुंचा। इससे पहले सुबह कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि से शुरू हुए मेले में दूसरे दिन यानी शनिवार को करीब 20 हजार श्रद्धालुओं ने बूढ़ा पूर्णिमा के अवसर पर हाटकेश्वर नाथ महादेव का दर्शन किया।



इसके बाद लोग बाहर निकले और परिवार के लोगों और दोस्तों के साथ नौका विहार के लिए पहुंचे। इसमें कपल्स का रूझान ज्यादा देखने को मिला। इससे नौका चलाने वालों की दिनभर पूछ-परख रही। बच्चों के साथ पहुंचे लोगों के लिए हर साल मेले में व्यंजनों का स्टाल सजाने वालों ने इस बार डिमांड को देखते हुए अलग-अलग फ्लेवर में आइसक्रीम भी रखा था।

### लोगों ने उठाया झूले का लुत्फ



ड्रैगन ट्रेन, घोड़ा, कार झूले ने बच्चों को आकर्षित किया। उनकी खुशी के लिए गार्जियन्स ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं महिलाओं और युवाओं का रूझान मेले में सजाए गए टावर, टोराटोरा, नाव और ब्रेक डांस झूले के प्रति ज्यादा देखने देखा गया। एक बड़ा वर्ग चांद-तारा झूले का लुत्फ उठाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करता नजर आया।

अलग-अलग तरह के झूले का लोग लुत्फ उठा सकें, इसके लिए अलग से दो जगह इसके लिए जोन बनाया गया था। इसके बाद भी दोनों जगह लोगों की भीड़ अपेक्षा के अनुरुप रही।

### घूमते-फिरते लिया व्यंजनों का स्वाद

इस बार खेती-किसानी से जुड़े लोग अपेक्षा से कम पहुंचे, लेकिन शहरी क्षेत्र के लोगों ने इस कसर को पूरा किया। मेले में मिलने वाले व्यंजनों की परख और पसंद करने वाले लोग पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए घूमने-फिरते जहां उन्हें मनपसंद व्यंजन नजर आया, वहां रूके और आर्डर किया। इस बार भी देशी चार्ट और गुपचुप के ठेले में ज्यादा रौनक रही। चना, मूंग जैसे अलग-अलग दाल से तैयार किए गए भुजिया व मिक्स मिक्चर को लोगों ने घर ले जाने के लिए भी खरीदा।नमकीन, पेठा, मिठाई, अनरसा, जलेबी जैसे कई व्यंजनों को शुद्धता के साथ दुकान सजाने वालों ने ग्राहकों की डिमांड पर परोसा।

# कामकाजी महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर अब सिलाई का हुनर आएगा काम



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में कामकाजी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने सकारात्मक हुई है। वार्ड की 125 जरूरतमंद महिलाओं को 3 महीना तक सिलाई, कढ़ाई की कला में पारंगत करने उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कराया गया। वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने शिविर लगाकर प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई। इसके साथ ही प्रशिक्षण के बाद इन महिलाओं को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। नारी सशक्तिकरण की थीम पर नगर निगम जोन 4 स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने सामुदायिक भवन में सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। महिलाओं को हुनरमंद बनाने के बाद उनमें से तीन प्रशिक्षार्थियों का चयन कर निःशुल्क सिलाई मशीन वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, विकाश उपाध्याय, रविशंकर शुक्ल वार्ड के पार्षद और नगर निगम एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी, यामिनी तिवारी, प्रशिक्षिका छाया खंडूलकर, सरोज राजपूत सहित वार्ड की महिलाएं उपस्थित रहीं।

### शिविर में लक्षण देखकर बताई आंखों की समस्या



रायपुर। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर सिटी आई केयर द्वारा निशुल्क नेत्र जांच के लिए शिविर आयोजित किया गया, जिसमें मरीजों की जांच की गई तथा निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। इस शिविर में विशेष सहयोग सन फार्मा के संदीप कुशवाह द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही फंडस कैमरा का भी उपयोग किया गया। सिटी आई केयर अस्पताल के स्टॉफ, मनीष, मारकंडे, रितेश यादव, वर्षा, साक्षी, आरती और शाहिना का भी इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस शिविर के आयोजक डॉ. मनीष एस. श्रीवास्तव रहे।

शहर में वैवाहिक आयोजन करने समाजों ने शुरू की तैयारी, तय की लग्न मंडप सजाने की तिथि

# देव उठे, अब समाजों में शुरू होंगे सामूहिक विवाह विधवा-विधुर को भी मिल सकेंगे मनपसंद जीवनसाथी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** देव उठते ही अब अलग-अलग समाजों में सामूहिक विवाह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसमें लोग बेटे-बेटियों की शादी के लिए समाजों की अगुआई में लग्न मंडप सजाने वाले हैं। इस बार भी विधवा-विधुर, समाज के प्रयासों से जीवनसाथी के साथ अग्नि को साक्षी मानकर एक बार फिर गृहस्थ जीवन शुरू करेंगे। इस बार होने वाले आदर्श विवाह के लिए कई समाजों ने तिथि तय करने के साथ ही कितने जोड़ों की शादी करानी है, इसके लिए व्यवस्था बनाने लक्ष्य भी तय किया है। इस सीजन में भी आदर्श विवाह कराने की जिम्मेदारी अलग-अलग समाज के लोग निभाने वाले हैं। इसके लिए अभी यादव समाज सहित कई समाजों ने तिथि तय नहीं की है। वहीं कई समाज के लोगों ने इस बार दोगुने उत्साह से आयोजन को भव्य रूप देने की तैयारी तेज की है। इसके लिए लग्न मंडप सजाने के लिए स्थल भी तय किया है। साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आपस में जिम्मेदारी भी बांटी है, ताकि वर-वधू का विधि-विधान से रस्मों का पालन उनके स्वजनों की मौजूदगी में पालन करा सकें। इस बार प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने सनातन समाज के 55 जोड़ों की शादी का खर्च वहन करने का निर्णय लिया है। यह पहल उनके माता-पिता को खर्च के बोझ से बचाने के लिए संगठन ने की है।



### युवक-युवती देंगे परिचय

शहर जिला साहू संघ के मीडिया प्रभारी अश्वनी कुमार साहू ने बताया कि विगत 34 वर्षों से युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन देवउठनी के बाद किया जाता है। इस बार यह पहल 24 नवंबर को की जाएगी। इसमें आने वाले बेटे-बेटी परिचय देंगे। इनका बायोडाटा प्रकाशित करने के बाद तय होने वाले रिश्ते को आदर्श विवाह से जोड़ने की पहल समाज द्वारा अप्रैल में की जाएगी। इस बार होने वाले सम्मेलन के लिए समाज के लोगों द्वारा विवाहयोग्य बेटे-बेटियों का बायोडाटा जमा कराने का क्रम जारी है। इनका समाज के बीच परिचय कराने के बाद रिश्ते को अंतिम रूप देने का क्रम शुरू होगा। दोनों परिवारों की सहमति के बाद उनका आदर्श विवाह समाज की मौजूदगी में होगा।

### महाधिवेशन संग आदर्श विवाह

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने बताया कि हर साल महाधिवेशन के दिन ही आदर्श विवाह का आयोजन किया जाता है। इस बार रायपुर राज में होने वाला यह महाधिवेशन 22-23 फरवरी को होने वाला है। इसी दिन जिन बेटे-बेटियों का रिश्ता उनके परिजनों ने पहले से तय किया है, उनका आदर्श विवाह समाज की मौजूदगी में किया जाएगा। इस बार समाज ने 51 जोड़े का आदर्श विवाह कराने का लक्ष्य एवं तैयारी की है। समाज के लोगों को फिजूलखर्ची से बचाने के लिए प्रयास हर साल की तरह इस बार भी किया जाएगा। इसके लिए व्यवस्था बनाने के साथ ही आदर्श विवाह के लिए जोड़े की जानकारी अलग-अलग राज से इस बार भी मंगाई गई है।

### होटल में करेंगे शादी-रिसेप्शन

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल व वैवाहिक आयोजन के मार्गदर्शक दीनदयाल गोयल ने बताया कि 1 मार्च 2025 को रावांभाठा स्थित होटल इंट्री पाइंट में सनातन समाज के 55 जोड़ों की शादी कराई जाएगी। इसका सारा खर्च संगठन द्वारा वहन किया जाएगा। इसमें वर-वधू पक्ष के 100-100 लोगों को रहने-खाने और रिसेप्शन के साथ ही वर-वधू को गृहस्थ जीवन शुरू करने के लिए जरूरी साजो-सामान भी उपहार में दिए जाएंगे। पहला मौका होगा, जब संगठन सनातन समाज के बेटे-बेटियों की शादी कराने के लिए अग्रणी पहल करने जा रहे हैं। वैवाहिक आयोजन को पारिवारिक माहौल में विधि-विधान से कराने की तैयारी है।

### आज सम्मेलन संग होगी शादी

निषाद समाज रविवार को 23वां राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं 11 जोड़े का आदर्श विवाह भी फुंडहर स्थित खेल मैदान में करने जा रहा है। मनोहर लाल निषाद ने बताया कि इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे। सुबह 10 बजे भगवान राम और निषाद समाज के आराध्य भगवान गुहा निषाद राज की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद युवक-युवती अपना परिचय देंगे। साथ ही 11 जोड़ों का आदर्श विवाह भी होगा। इसमें वैवाहिक रस्मों का निभाने में समाज की महिलाएं सहयोग देंगी। वे लग्न मंडप से लेकर समारोह को अंतिम कड़ी के रूप में विदाई की बेला में भी दायित्व का निर्वहन करेंगी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### स्कूल नेशनल तीरंदाजी में छत्तीसगढ़ के राज को गोल्ड



**रायपुर।** नदियाल गुजरात में आयोजित 68 वें स्कूल नेशनल गेम में छत्तीसगढ़ से 25 सदस्यीय दल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रिकर्व वर्ग में शिव तराई तीरंदाज आकाश राज ने 70 मीटर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। तीरंदाजी संघ की ओर से कैलाश मुरारका ने बताया कि छत्तीसगढ़ के तीरंदाज ने इंटरनेशनल इक्विपमेंट में या रिकवर और कंपाउंड वर्ग में पहली बार स्कूल नेशनल में मेडल प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ के तीरंदाज भारतीय वर्ग में तो हर साल ओपन टूर्नामेंट में मेडल प्राप्त कर रहे हैं, परंतु परीक्षा में छत्तीसगढ़ के तीरंदाज को स्कूल नेशनल में मेडल मिलना गर्व की बात है। आने वाले समय में मुख्यमंत्री और तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विष्णु देव साय के नेतृत्व में सभी वर्गों में इंटरनेशनल इक्विपमेंट में खिलाड़ी मेडल लाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

### बीसीसीआई ट्रॉफी क्रिकेट में असम के विरुद्ध छत्तीसगढ़ का मैच ड्रा



**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 11 अक्टूबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा मैच (13 - 16 नवंबर) शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में असम टीम के विरुद्ध खेला गया।

चौथे दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। असम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 95.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 289 रन बनाये। असम की ओर से कप्तान देनिश दास ने शनदार 104 रन तथा घडीगांवकर ने 61 रनों की पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण ने 5 विकेट लिये। उनके अतिरिक्त आशीष चौहान ने 3 विकेट प्राप्त किये।

छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 143 ओवरों में 9 विकेट खोकर 500 रन बनाये तथा पारी घोषित कर दी। छत्तीसगढ़ की ओर से आयुष पांडेय ने शानदार 211 रनों कर पारी खेली। उनके अतिरिक्त अजय मंडल ने 69 रन तथा एकनाथ केरकर ने 50 रनों का योगदान दिया। असम की ओर से राहुल सिंह तथा मुख्तार हुसैन ने 3-3 विकेट प्राप्त किये।

असम ने अपनी दूसरी पारी में 95.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 279 रन बनाये है। असम की ओर से परवेज ने 94 रन तथा शिवशंकर रॉय ने 55 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण ने आंठवी बार तथा इस वर्ष तीसरी बार 5 या उससे अधिक विकेट प्राप्त करने का कीर्तिमान बनाया। उन्होने 20 ओवरों में 56 रन देकर 5 विकेट लिये। 69 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ ने खराब रोशनी की वजह से मैच समाप्त होने तक 1 ओवर में बिना नुकसान के 8 रन बना लिये थे। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ, छत्तीसगढ़ ने पहली पारी की बढत के आधार पर 3 अंक प्राप्त किये।

### सीएम ट्रॉफी इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन के टॉप आठ में तय हुए खिलाड़ी

**रायपुर।** सीएम ट्रॉफी इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन राजधानी में किया जा रहा है। जिसमे 15 नवंबर को प्री क्वार्टर फाइनल के मुकाबले संपन्न हुए और इस स्पर्धा के टॉप 8 में पहुंचे खिलाड़ियों के नाम तय हुए। मिश्रित युगल – प्री क्वार्टर फाइनल में आशीष सूर्या और अमृत प्रमुथेश (भारत) की जोड़ी ने अरुणेश हरि और श्रेया बालाजी (भारत) की जोड़ी को 21-16,21-18 से, नितिन कुमार और रिधि कौर तूर (भारत) की जोड़ी ने गौसे शैक और मनीषा के (भारत) की जोड़ी को 21-17,15-21,25-23 से, रोहन कपूर और गद्दे रूथविका शिवानी (भारत) की जोड़ी ने हर्षवर्धन कोठारी और आराधना बालचंद्र (भारत) की जोड़ी को 21-9,21-11 से, एडविन जॉय और अरुल बाला राधाकृष्णन (भारत) की जोड़ी ने सूरज गोआला और नवधा मंगलम (भारत) की जोड़ी को 15-21,21-14,27-25 से, चयनित जोशी और काव्या गुप्ता (भारत) की जोड़ी ने फ़रोग़ संजय अमन ओर अनघा करंदीकर (भारत) की जोड़ी को 20-22,21-18,21-11 से, बोक्का नवनीत और रितिका ठाकर (भारत) की जोड़ी ने अरविंद वी सुरेश और गौरी कृष्णा टी.आर (भारत) की जोड़ी को 21-16,21-16 से, भव्या छाबड़ा और मनाली बोरा(भारत) की जोड़ी ने धीरेन अय्यप्पन (संयुक्त अरब अमीरात) और श्रीनिधि नारायणन (भारत) की जोड़ी को 21-18,18-21,21-10 से, फुवानात होरबानलुएकिट और फुंगफा कोर्पथम्माकिट (थाईलैंड) की जोड़ी ने विष्णु श्रीकुमार और अपर्णा बालन (भारत) की जोड़ी को 21-13,19-12,21-12 से हराया।



खानपान और आपकी दिनचर्या पर निर्भर करती है सेहत, रखें इसका ध्यान

# वक्त से पहले आपको बूढ़ा बना देगी ये आदत, हार्ट अटैक और स्ट्रोक से मौत का भी बढ़ जाता है खतरा

किन आदतों के कारण आप समय से पहले बूढ़े हो सकते हैं इसको लेकर विशेषज्ञों ने अध्ययनों का विश्लेषण किया। इसमें जिस आदत को सबसे बड़ा कारण माना गया है उससे बड़ी संख्या में लोग शिकार हैं? आमतौर पर 50-55 की आयु को भारत में बुढ़ापे की तरफ बढ़ने वाला माना जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि कुछ आदतें आपको समय से पहले ही बुढ़ापा का शिकार बना सकती हैं? जी हां, ये सच है कि हमारी दिनचर्या की कुछ गड़बड़ आदतें और खान-पान में गड़बड़ी का भी त्वचा और लुक पर नकारात्मक असर हो सकता है। इतना ही नहीं आप 40 की उम्र में न सिर्फ 50-60 वालों की तरह दिखने लगते हैं, साथ ही शरीर और मस्तिष्क पर इसका असर हो सकता है। किन आदतों के कारण आप समय से पहले बूढ़े हो सकते हैं इसको लेकर विशेषज्ञों ने अध्ययनों का विश्लेषण किया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दिनचर्या की जिन आदतों को सबसे बड़ा कारण माना है उनमें लंबे समय तक बैठे रहने की आदत को प्रमुख पाया गया है।



### लंबे समय तक बैठे रहना नुकसानदायक

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने निष्कर्ष में पाया है कि गतिहीन जीवनशैली सभी उम्र के लोगों की सेहत के लिए खतरनाक है। लंबे समय तक बैठे रहने से इसका जोखिम और भी अधिक हो सकता है। ऑफिस जाने वाले लोगों में ये समस्या ज्यादा देखी जाती रही है। दिन के दौरान आप जितना अधिक बैठे रहते हैं, स्वस्थ जीवन के लिए ये उतना ही खतरनाक प्रवृत्ति है।

गतिहीन जीवनशैली के कारण वजन बढ़ने, टाइप-2 डायबिटीज और हृदय रोग विकसित होने का खतरा तो रहता ही है साथ ही इसके कारण आप समय से पहले बुढ़ापे का भी शिकार हो सकते हैं।

### हो सकते हैं कई दुष्प्रभाव

हाल की एक रिपोर्ट में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि लंबे समय तक बैठे रहने की आदत के कई दुष्प्रभाव हो सकते हैं। जो लोग दिन के अधिकतर समय बैठे रहते हैं उनका दिमाग बिल्कुल डिमेंशिया से पीड़ित व्यक्ति जैसा होने लग जाता है। ज्यादा देर से बैठने से हृदय रोग, मधुमेह, स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप और उच्च कोलेस्ट्रॉल का जोखिम भी बढ़ जाता है, जो शरीर को उसी तरह से परिवर्तित कर देती हैं जैसे बुढ़ापे में होता है।

दिनभर चलते-फिरते रहने वाले लोगों की तुलना में अधिकतर समय बैठकर बिताने या गतिहीन जीवनशैली वालों में इस तरह के गंभीर दुष्प्रभाव अधिक देखे जाते रहे हैं।

### हृदय रोगों का बढ़ जाता है खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि लंबे समय तक बैठे रहने की आदत आपमें समय से पहले हृदय रोगों को बढ़ाने वाली भी हो सकती है। अध्ययन में पाया गया कि जो पुरुष सप्ताह में 23 घंटे से अधिक बैठे रहते हैं उनमें हृदय रोगों के विकसित होने और इससे मृत्यु का जोखिम अन्य लोगों की तुलना में 64 प्रतिशत अधिक हो सकता है। ये दिल का दौरा या स्ट्रोक होने के खतरे को 147 प्रतिशत तक बढ़ाने वाली समस्या हो सकती है। हृदय रोगों की स्थिति में शरीर कमजोर होने लगता है और इसके दुष्प्रभाव आपमें समय पूर्व बुजुर्ग होने के लक्षण प्रकट कर सकते हैं।

### समय से पहले मृत्यु का जोखिम

लंबे समय तक या अक्सर बैठे रहने के कारण शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव या समय से पहले बुढ़ापे का जोखिम तो रहता ही है साथ ही ये समय से पहले मृत्यु के खतरे को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। इसको समझने के लिए शोधकर्ताओं ने बैठने के समय और गतिविधि के स्तर वाले 13 अध्ययनों का विश्लेषण किया। इसमें पाया गया कि जो लोग बिना किसी शारीरिक गतिविधि के दिन में आठ घंटे से अधिक समय तक बैठे रहते हैं, उनमें मोटापा और समय से पहले मृत्यु का कारण बनने वाली बीमारियों का जोखिम अधिक हो सकता है।



# लाख कोशिशों के बाद भी नहीं घट रहा वजन, तो कीजिये उपाय



वजन घटाने के लिए नियमित व्यायाम, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना बहुत जरूरी है। पर क्या लाख कोशिशों के बाद भी नहीं घट रहा वजन? आइए जानते हैं कि इसके क्या कारण हो सकते हैं?

अधिक वजन या मोटापे की समस्या शरीर के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक है। इससे डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग जैसी गंभीर और क्रोनिक बीमारियों का खतरा हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अपना वजन कंट्रोल में रखने की सलाह देते हैं। चूंकि बच्चों में भी मोटापा का खतरा बढ़ता जा रहा है इसलिए कम उम्र से ही वजन को नियंत्रित करते रहने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

वजन घटाने के लिए नियमित व्यायाम, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना बहुत जरूरी है। वेट लॉस के लिए अक्सर लोग जिम जाना शुरू कर देते हैं। पर क्या इस उपाय से भी आपको लाभ नहीं मिल पा रहा है? अगर हां तो आपको कुछ और बातों पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। आइए जानते हैं कि कौन से कारण हो सकते हैं जो वजन बढ़ने का कारण बनते हैं? जिनपर भी ध्यान देते रहने की आवश्यकता है।

### वजन घटाने के लिए जरूरी है व्यायाम



वजन घटाना चाहते हैं तो नियमित रूप से शारीरिक सक्रियता जरूरी है। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जैसे अभ्यास न सिर्फ मांसपेशियों को मजबूत करने और शारीरिक शक्ति के निर्माण में मदद करते हैं साथ ही इससे वजन को कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है। इसको दिनचर्या में शामिल करके वेट लॉस किया जा सकता है। इसी तरह से एरोबिक व्यायाम के माध्यम से शरीर से अतिरिक्त फैट को कम करने और वजन घटाने में मदद मिल सकती है। आपको सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम एरोबिक गतिविधि या सप्ताह में 75 मिनट स्ट्रेंथ ट्रेनिंग का अभ्यास करना चाहिए। शरीर को फिट रखने और वजन कम करने में इससे मदद मिल सकती है। हालांकि अगर इन प्रयासों के बाद भी वजन कम नहीं हो रहा है तो कुछ अन्य स्थितियों पर भी ध्यान दें।

### डाइट में करें सुधार

वेट लॉस करने के लिए व्यायाम और अन्य शारीरिक गतिविधियों के साथ-साथ आहार में सुधार करना भी बहुत जरूरी है। बहुत अधिक खाना, भोजन के माध्यम से अधिक कैलोरी लेना, प्रोसेस्ड या फास्ट फूड्स खाना, चीनी वाली चीजें खाने से भी वजन तेजी से बढ़ने लगता है। वजन घटाना चाहते हैं तो आहार में सुधार करना बहुत जरूरी है। उन चीजों का सेवन कम से कम किया जाना चाहिए जो हाई कैलोरी वाली हों।

### इन स्वास्थ्य समस्याओं पर दें ध्यान

कुछ प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण भी शरीर का वजन बढ़ने लगता है और इसे कंट्रोल रखना कठिन हो जाता है। इसलिए अगर आप वेट लॉस के लिए प्रयास कर रहे हैं तो इन समस्याओं को कंट्रोल करना भी जरूरी है।

# घर की इस दिशा में नहीं बनवाएं नवविवाहित जोड़े का कमरा



वास्तु शास्त्र में दिशाओं का खास ध्यान रखा जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि वास्तु के अनुसार चीजों को बनाया जाता है, तो वो आपके भविष्य पर असर डालती हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप जो भी कार्य करें दिशा का ध्यान रखकर करें। इससे आपके जीवन में होने वाली हलचल कम हो जाएगी।

### इस दिशा में नहीं होना चाहिए नवविवाहित दंपती का कमरा

कभी भी नविवाहित जोड़े का कमरा उत्तर, दक्षिण, उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व दिशा में नहीं बनवाना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इन दिशाओं में अगर कमरा होता है तो वैवाहिक जीवन में छोटी-छोटी बातों को लेकर झड़गा बना रहता है। साथ ही, हर बात पर बहस बाजी होती है। ऐसे में बेहतर है कि आप घर की इस दिशा में नए जोड़े का कमरा न बनवाएं। अगर आपने इस दिशा में कमरा तैयार करा लिया है, तो कुछ समय के लिए इससे उन्हें दूर रखें।

### इस दिशा में बनवाएं कमरा

विवाह के बाद हर कोई चाहता है कि उसका जीवन सुखमय बना रहे। किसी तरह की परेशानी या कलह न हो। इसके लिए जरूरी है कि आप पंडित जी से पूछकर कमरे को तैयार करें। ऐसा इसलिए क्योंकि जब आप उत्तर-पश्चिम दिशा में कमरा बनवाएंगे तो इससे दोनों के बीच शांति रहेगी। साथ ही, उनका जीवन सुखमय रहेगा।

# बिना तले ऐसे बनाएं स्वादिष्ट ब्रेड पकौड़ा, खाकर घरवाले करेंगे तारीफ



अब जब आप अपनी हेल्थ का भी ध्यान रखना चाहते हैं लेकिन कुछ चटपटा भी खाना चाहते हैं तो आप बिना तले ब्रेड पकौड़ा भी तैयार कर सकते हैं। सुनकर अजीब लगा न, पर ये सच है। आप बिना तले भी स्वादिष्ट ब्रेड पकौड़ा तैयार कर सकते हैं।

### ब्रेड पकौड़ा बनाने के लिए सामान

ब्रेड पकौड़ा बनाने के लिए आपको सबसे पहले इसकी स्टफिंग तैयार करनी है। स्टफिंग बनाने के लिए उबले हुए आलूओं को छील कर अच्छी तरह से मैश करें। अब एक कढ़ाई लेकर उसमें थोड़ा सा तेल डालें और फिर बारीक कटी हरी मिर्च, हल्दी और जीरा डालकर भूनें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सुपरहीरो डैड बनना चाहते हैं क्रिस कैप्टन अमेरिका ने किया खुलासा



हॉलीवुड स्टार क्रिस इवांस अपनी आगामी फिल्म रेड वन को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। क्रिस इवांस, जिन्होंने पिछले साल अपनी पत्नी अल्बा बैप्टिस्टा से शादी की थी। अब क्रिस इवांस ने पिता बनने के बारे में खुलासा किया है। हॉलीवुड स्टार क्रिस इवांस मार्वल्स एवेंजर्स में कैप्टन अमेरिका के किरदार के लिए प्रसिद्ध हैं। लेकिन अब क्रिस एक सुपरहीरो पिता बनना चाहते हैं। कैप्टन अमेरिका अभिनेता ने अपने सह-कलाकार ड्वेन जॉनसन के साथ अपनी आगामी फिल्म रेड वन का प्रमोशन किया और जब उनसे पूछा गया कि क्या वह जॉनसन की तरह पिता की भूमिका निभाना चाहेंगे, जो तीन बेटियों के पिता हैं, तो इवांस ने कहा ₹हां, मुझे उम्मीद है। हां, बिल्कुल।₹ क्रिस को मार्वल्स एवेंजर्स में कैप्टन अमेरिकाः द फर्स्ट एवेंजर (2011) से लेकर एवेंजर्सः एंडगेम (2019) के अलावा मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) फिल्मों में कैप्टन अमेरिका की भूमिका निभाने के लिए पहचाना जाता है। एवेंजर्स फ्रैंचाइजी में उनके काम ने उन्हें दुनिया के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में शामिल कर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म रेड वन के प्रमोशन के दौरान क्रिस ने कहा, ₹पिता बनना काफी रोमांचक होगा।₹ एवेंजर्स अभिनेता ने सितंबर 2023 में पत्नी अल्बा बैप्टिस्टा के साथ शादी

### टॉलीवुड

## ट्रोलिंग के बाद साउंड मिक्सिंग पर फिर काम करेंगे सूर्या की 'कंगुवा' के निर्माता



कंगुवा के निर्माता केई ज्ञानवेल राजा ने फिल्म के तेज साउंड डिजाइन की आलोचनाओं के बारे में बात की। संगीतकार देवी श्री प्रसाद का बचाव करने वाले निर्माता ने खुलासा किया कि यह उनकी धुनों के साथ समस्या नहीं है। सूर्या की मुख्य भूमिका वाली पीरियड फैंटेसी फिल्म कंगुवा 14 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में उतरी। शिवा द्वारा निर्देशित इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों दोनों से नकारात्मक समीक्षा मिल रही है। पुराने आधुनिक समय के हिस्से और तेज साउंड डिजाइन ने कंगुवा को सिनेप्रेमियों के लिए बेकार अनुभव बना दिया। हालांकि, निर्माता केई ज्ञानवेल राजा ने हाल ही में साउंड मिक्सिंग पर फिर से काम करने को लेकर टीम की योजना के बारे में बात की और खुलासा किया कि कंगुवा 2 को बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है।

हाल ही में कंगुवा के निर्माता केई ज्ञानवेल राजा ने फिल्म के तेज साउंड डिजाइन की आलोचनाओं के बारे में बात की। संगीतकार देवी श्री प्रसाद का बचाव करने वाले निर्माता ने खुलासा किया कि यह उनकी धुनों के साथ समस्या नहीं है। ज्ञानवेल राजा का कहना है कि यह फिल्म की साउंड मिक्सिंग है, जो गलत हो गई। उन्होंने आगे कहा कि कंगुवा टीम फिल्म के साउंड मिक्सिंग को फिर से बनाने और वॉल्यूम को कम करने की योजना बना रही है। केई ज्ञानवेल राजा ने कहा कि कंगुवा 2 बहुत जल्द रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा कि शिवा निर्देशित फिल्म को सकारात्मक समीक्षा मिल रही है और फिल्म के केवल पहले 20 मिनट की ही आलोचना की जा रही है। निर्माता दूसरी किस्त को और भी ज्यादा शानदार बनाने की योजना बना रहे हैं, बड़े पैमाने पर और बड़े बजट पर बनाने की कोशिश है। निर्माता ने यह भी कहा कि यह फिल्म जल्द ही कुछ दिनों में सूर्या की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन जाएगी।

सूर्या ने दो किरदार निभाए, एक 'कंगुवा', जो एक आदिवासी योद्धा है और दूसरा 'फ्रांसिस', जो एक आधुनिक युग का इनाम शिकारी है। दिशा पाटनी एंजेलिना के रूप में और बॉबी देओल खलनायक के रूप में नजर आए। कंगुवा' को इस साल की सबसे बड़ी और सबसे महंगी फिल्मों में से एक बताया गया है।

### छॉलीवुड

## 'गणितबाज' की शूटिंग शुरू होगी अगले माह



डायरेक्टर एवं राइटर सुनील सागर के निर्देशन में बनने वाली छत्तीसगढी फिल्म 'गणितबाज' का मुहूर्त हाल ही में हुआ। इस दौरान डायरेक्टर सतीश जैन मुख्य रूप से उपस्थित थे। उनके साथ निर्माता एवं गीतकार अशोक तिवारी, डायरेक्टर नरेश केशवानी, प्रोडयूसर एवं समाजसेवी जेठू साहू, डायरेक्टर आलोक स्वर्णकार, फिल्म प्रोडसूयर डी के देवांगन, एक्टर सुनिल दत्त मिश्रा, छत्तीसगढी एवं भोजपूरी फिल्मों के अभिनेता पुष्पेन्द्र सिंह व संजय महानंद की उपस्थिति में केक काटकर एवं क्लिपिंग देकर फिल्म का मुहुर्त किया गया। इस दौरान मराठी व छत्तीसगढी फिल्में के प्रसिद्ध निर्देशक विजय गुमगांवकर एवं उसके प्रोडयूसर राजन सूर्यवंशी नागपुर विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। डायरेक्टर सुनील सागर ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग दिसंबर के दूसरे सप्ताह से बिलासपुर, रायपुर के अलावा छत्तीसगढ के अन्य मनोरम स्थलों पर की जायेगी। वहीं फिल्म के गानों की शूटिंग देश के सबसे खूबसूरत व मनोरम स्थानों पर होगी। उन्होंने आगे बताया कि यह फिल्म छत्तीसगढ में बनी अब तक की सभी फिल्मों से अलग हटकर बनेगी जिसे देखने पर दर्शको को खूब आनंद आयेगा।

### लाइफ स्टाइल



## भारतीय पुरुष मॉडल्स का वर्चस्व

अब वह दौर बीत गया जब आपको मिलान, लंदन और न्यूयॉर्क के फैशन शो में सिर्फ़ एक या दो भारतीय पुरुष चेहरे ही नज़र आते थे। अब यह तादाद लगातार बढ़ रही है। हाल ही में भारतीय मॉडल ऋषि रॉबिन, रवि गोस्वामी, प्रतीक शेट्टी, फरहान आलम, प्रणव भार्गव, तुहिर ब्रह्मभट्ट और प्रभा उप्पल ने ग्लोबल रैंप पर जलवा बिखेरा, जिसमें जियोर्जियो अरमानी, डोल्से एंड गब्बाना, नील बैरेट और अलेक्जेंडर मैकक्वीन जैसे प्रमुख ब्रांड शामिल हैं। उन्होंने एक नया नज़रिया पेश किया, जिससे साबित हुआ कि मॉडलिंग पुरुषों के लिए भी एक गंभीर पेशा है।

## किस रंग के कपड़ों के साथ कैसी लिपस्टिक देगी परफेक्ट लुक यहां जानिए सभी डिटेल

वैसे तो लिपस्टिक का इस्तेमाल खूबसूरती को बढ़ाने के लिए ही होता है, लेकिन यदि इसके रंग का चयन सोच-समझ के न किया जाए तो गलत लिपस्टिक लगाने से लुक बिगड़ भी सकता है। आपको किस रंग के कपड़ों के साथ कैसी लिपस्टिक चुननी चाहिए, यह जानना जरूरी है। लिपस्टिक के रंग का चयन मेकअप के हिसाब से भी करना चाहिए।

### काले कपड़े

यदि आप ब्लैक रंग के आउटफिट कैरी कर रही हैं तो उसके साथ क्लासी लुक के लिए रेड लिपस्टिक, सॉफिस्टिकेटेड लुक के लिए वाइन रंग और मिनिमल लुक के लिए न्यूड शेड की लिपस्टिक का चयन करें।

### सफेद कपड़े

यदि आप सफेद रंग का आउटफिट कैरी कर रही हैं तो एलिगेंट लुक के लिए गुलाबी या पीच टोन की लिपस्टिक, क्लासी लुक के लिए कोरल लिपस्टिक और बोल्ड लुक के लिए डार्क



रेड लिपस्टिक कैरी करें।

### लाल कपड़े

लाल रंग के कपड़ों के साथ यदि मेकअप मिनिमल रखा है तो न्यूड शेड की लिपस्टिक, क्लासी और फेमिनिन लुक के लिए सॉफ्ट पिंक और सर्दियों के मौसम में वाइन रंग की लिपस्टिक लगाएं।

### नीले कपड़े

यदि नीला आउटफिट कैरी कर रही हैं तो नेचुरल लुक के लिए रोजी पिंक या न्यूड लिपस्टिक का चयन करें। सॉफ्ट लुक के लिए आप पीच लिपस्टिक का चयन कर सकती हैं। बोल्ड लुक के लिए वाइन कलर बेस्ट रहेगा।

### पीले कपड़े

पीले रंग के कपड़ों के साथ आप यदि वाइब्रेंट लुक कैरी करना चाहती हैं तो कोरल और पीच टोन की लिपस्टिक का चयन करें। सिंपल लुक के लिए आप न्यूड पिंक का भी चयन कर सकती हैं।

### गुलाबी कपड़े

लड़कियों को गुलाबी रंग के कपड़े काफी पसंद आते हैं। इसके साथ यदि आप फेमिनिन लुक कैरी करना चाहती हैं तो डीप रोज रंग की लिपस्टिक का चयन करें। ग्रेसफुल लुक के लिए लाइट पीच रंग की लिपस्टिक चुनें।


## नायरा कट कुर्ती सेट के खास डिजाइंस आपको बनाएंगे और ज्यादा खूबसूरत

फैशन





ऑफिस जाना हो या रोजाना के लिए पहनना हो, कुर्ती पहनना हम सभी पसंद करते हैं। इसके कई डिजाइंस आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफ़लाइन मार्केट तक में आसानी से मिल जाएंगे। वहीं कम दामों में बढ़िया चीजें खरीद लेना हर किसी के बस की बात नहीं होती है।



लेटेस्ट डिजाइंस की बात करें तो नायरा कट डिजाइंस काफी चलन में है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं नायरा कट कुर्ती सेट के कुछ खास डिजाइंस जो आपको केवल 500 रुपये में आसानी से मिल जाएंगे।

### चौड़े घेरे बॉर्डर कुर्ती सेट

इस तरीके के चौड़े बॉर्डर वाले कुर्ती सेट आपको ऑनलाइन लगभग 300 रुपये से लेकर 450 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे। इस तरह का डिजाइन आपको लंबी दिखने में सहायता करेगा। लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप गोल्डन कलर की झुमकी इयररिंग्स को पहन सकती हैं।

### बांधनी डिजाइन नायरा कुर्ती सेट

यह आप ऑफिस वियर के लिए ट्राई कर सकती हैं। इस तरह का बांधनी डिजाइन कुर्ती सेट आपको मार्केट में लगभग 430 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सिंपल कुर्ती डिजाइन के साथ पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।

### पार्टी वियर नायरा कुर्ती सेट


पार्टी वियर लुक के लिए अगर आप मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह के कढ़ाई वर्क वाले नायरा कट कुर्ती सेट को पहन सकती हैं। इस तरह का कुर्ती सेट आपको मार्केट में लगभग 499 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।

## सर्दियों में ड्राई स्किन वाले ऐसे रखें अपनी त्वचा का ध्यान, वरना बढ़ जाएगी परेशानी

लगभग हर किसी को सर्दियों का मौसम काफी पसंद होता है। इस मौसम में लोग घूमने-फिरने जाते हैं और अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करते हैं। इसके साथ ही घरों में भी हीटर जलाकर आराम से रजाई में बैठना लोगों को काफी लुभाता है लेकिन इन्हीं सर्दियों के मौसम का त्वचा पर हमेशा गलत ही असर पड़ता है।

सर्दियों में त्वचा रूखी-सूखी होने लगती है, जिसकी वजह से कई बार शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। ज्यादातर लोग अपनी त्वचा का ध्यान रखने के लिए स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं, जोकि हर किसी के बस की बात नहीं है। खासतौर पर जब बार आती है ड्राई स्किन वाले लोगों को उनको तो सर्दियों के मौसम में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ऐसे में हम आपको सर्दियों में त्वचा में नमी बनाए रखने के कुछ घरेलू तरीके बताएंगे, जिनको अपनाकर आप अपनी ड्राई त्वचा का खास ध्यान रख सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा पैसे खर्चने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इन सभी तरीकों को फॉलो करना काफी आसान है, तो आइए देर ना करते हुए आपको इस बारे



में बताते हैं।

### सनस्क्रीन को ना भूलें

लोगों को लगता है कि सर्दियों के मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना इतना जरूरी नहीं है। बल्कि ऐसा नहीं है, सर्दियों में भी लोगों को सनस्क्रीन का इस्तेमाल नियमित रूप से ही करना चाहिए। इससे त्वचा हानिकारक किरणों से बची रहती है।

## जींस को फैशन नहीं, सही फिटिंग के हिसाब से पहनें

जींस एक बहुत ही आम पहनावा बन चुका है। हर उम्र के लोग इसे पहन रहे हैं। लेकिन अफसोस की ये सब पर बेस्ट लुक नहीं देती है। दरअसल लोग जींस फैशन के हिसाब से खरीदते हैं।

जबकि जींस फैशन के हिसाब से नहीं बल्कि बॉडी पर सही फिटिंग के हिसाब से चुनी जानी चाहिए। चुनाव के कुछ तरीके और भी हैं। सही जींस कैसे चुनी जा सकती है, तरीके हम बताते हैं-

### बॉडी शेप को पहचानें

जींस लेने से पहले अपने बॉडी टाइप और आकार को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन जींस के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए अपने बॉडी टाइप की जानकारी जरूरी होती है। अगर



आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट आएगी। पियर शेप बॉडी पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी। अगर कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें। इससे कमर छोटी और थोड़ी पतली दिखेगी।

### जो कभी न हो आउट ऑफ फैशन

जींस का वो पैटर्न खरीदें, जो कभी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है। जैसे हाईराइज जींस या स्ट्रेट लेग जींस। जबकि बूटलेग्स जैसे जींस का फैशन हमेशा नहीं आता है।

### सबसे अच्छा फैब्रिक

जींस का सबसे अच्छा फैब्रिक वो होता है जो पहले टच में ही सॉफ्ट लगे। साथ में इसमें थोडा स्ट्रेच भी हो लेकिन ये शेपलेस न हो। इस तरह की क्वालिटी की जींस खरीद कर आप सालों तक इसे इस्तेमाल कर पाएंगे। हो सकता है ऐसे फैब्रिक में जींस थोड़ी महंगी मिले लेकिन ये आपका साथ लंबे समय तक देगी।

ट्रेडिशनल ब्लू डेनिम है परफेक्ट

जींस का ट्रेडिशनल ब्लू कलर हमेशा वाला कलर है। ये कई सारे रंगों के साथ मैच होता है तो हर फैशन ट्रेंड का हिस्सा भी होता है।

### कार्नर न्यूज

### फैशन के इस दौर में बियर्ड की स्टाइल भी बदल रही

## कूल फेडेड बियर्ड लुक आपको देगा अलग पहचान, चेहरे के हिसाब से कर लें बदलाव

*आजकल फैशन बियर्ड का ही है। अपने चेहरे के हिसाब से सभी पुरुष अलग-अलग तरह की बियर्ड रखते हैं। कभी विराट कोहली वाली तो कभी विक्की कौशल का स्टाइल पुरुषों को भा जाता है। इन्हीं लुक में से एक है बियर्ड फेडिंग फेडिंग के साथ बियर्ड का लुक थोड़ा और नेचुरल आ जाता है। पुरुषों को फेडिंग का यही अंदाज तो पसंद आता है। इसलिए आजकल बियर्ड फेडिंग के दीवाने सभी हो चुके हैं। मगर अफ़सोस अभी भी कई पुरुष इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानते हैं। इसलिए इसको अपने लुक पर आजमा भी नहीं पाते हैं। लेकिन हम बियर्ड फेडिंग से जुड़ी गाइड ले आए हैं।*

*दाढ़ी को कैसे परफेक्टली फेड करें जिन पुरुषों ने अभी तक बियर्ड फेडिंग नहीं कराई है, उन्हें इसके बारे में पता भी नहीं है। लेकिन स्टेप बाय स्टेप इस ट्रिक को आसानी से समझा जा सकता है। चलिए जानते हैं बियर्ड फेडिंग के बारे में सबकुछ-*



### क्या होती है फेडेड बियर्ड

बियर्ड फेडिंग के बारे में सबकुछ समझने से पहले हमें ये भी समझना होगा कि ये आखिर होती क्या है। इसके लिए आपको बियर्ड ट्रिमिंग वाला दिन याद करना होगा। बियर्ड ट्रिम कराने के लिए आप अक्सर सैलून ही जाते हैं। ऐसा खुद नहीं करते हैं, पता है क्यों?

### टूल्स तो आपके पास हैं न


बियर्ड फेड करने से पहले आपको सही टूल्स की जरूरत होती है। खासतौर पर बियर्ड ट्रिमर (**beard trimmer**)के साथ एडजस्टेबल लेंथ कॉम्ब होना जरूरी है। आपको क्लिपर की जरूरत भी पड़ेगी। इसके साथ बियर्ड कॉम्ब की जरूरत भी होगी।

### अब सबसे पहले सफाई

बियर्ड फेडिंग शुरू करने से पहले बालों को धोकर बियर्ड कॉम्ब से सुलझा भी लें। ताकि फेडिंग करते हुए कोई दिक्कत न आए। सुलझाते हुए कॉम्ब नीचे की ओर चलाएं। बालों के ग्रोथ पैटर्न को फॉलो भी किया जा सकता है। अगर आप कंधा ऊपर की ओर चलाएंगे तो दाढ़ी के बाल ऊपर उठ जाएंगे। फेडिंग करते हुए ये उठे हुए बाल परेशानी बन सकते हैं। दरअसल बाल उठे हुए होंगे तो इनकी लेंथ बराबर से पता नहीं चलेगी। इसलिए नीचे की ओर कंधा करने के बाद दाढ़ी को बराबर से काट लीजिए। इस वक्त दाढ़ी जिस दिशा में उग रही है उसके उल्ट ऊपर की ओर हाथ चलाते हुए बियर्ड काटें। इस तरह से दाढ़ी की लम्बाई बराबर से आ सकेगी।

### अब बनानी हैं लाइन

बियर्ड को बराबर से काटने के बाद अब बारी है कि लाइन बनाई जाएं। जिसमें गर्दन और गलों की



लाइन शामिल है। आपको करना ये है कि ये लाइन बराबर से और परफेक्ट होनी चाहिए। इसकी शुरुआत गर्दन की ओर से करें। इसके लिए चेहरा उठाकर रखें। अब गर्दन के बीच से एडम के ठीक ऊपर तक जाएं। इस वक्त आपको गर्दन के बीच से कान तक जोड़ने वाली लाइन भी बनानी होगी। अब गालों से मुंह के कोनों पर आएं और नेचुरल चीकलाइन से साइडबर्न तक आएं। इन लाइन से किनारे शेविंग कर दें।

### फेडिंग के लिए हो जाएं तैयार

अब जब आपकी बियर्ड ट्रिम हो चुकी है और लाइन भी बन चुकी हैं तो आप फेड के लिए तैयार हैं। इस वक्त आपको फेडिंग ऊपर से नीचे की ओर करनी है।

### गर्दन पर फेडिंग

गर्दन पर फेडिंग करके आपको और नेचुरल लुक मिल जाता है।इससे बियर्ड देखने में ज्यादा स्मूथ लगती है। इस दौरान आपको अपनी चिन उठाकर ही रखनी है।